kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-88 | शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे।
अनुराग ठाकुर

कलवरी क्लास की 3 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत, फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल 11

बहुगुणा ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया : सूर्यकांत धस्माना 12

# आगरा वासियों से आज विकसित भारत के लिए मांगने आया हूँ आशीर्वाद : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**प्रहार**

❐ कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण की बात करते बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर का अपमान कर रही है। कांग्रेस की हर बात को देश की न्यायपालिका ने ठुकरा दिया है।

आगरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा की चुनावी सभा को राधे-राधे कहकर संबोधित करने की शुरुआत की। पहले मैं यहां आता था तो कुछ देने के लिए आता था। कुछ लेकर आता था लेकिन आज कुछ मांगने के लिए आया हूं। आज आपसे विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत विकसित होगा तो आपका, आपके बच्चों का भला होगा। भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत और निर्यात के लिए महत्वपूर्ण हैं। पुरानी सरकारों में हथियारों के दलाल परेशान हैं। भारत में जब शस्त्र बनाने की बात की जाती है तो वे बौखला गए हैं। वे नहीं चाहते कि भारत आत्मनिर्भर बने। मोदी को रोकने के लिए वे एकजुट हो गए हैं। इसलिए फिर एक बार एनडीए सरकार लाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि हम जोर दे रहे हैं कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलियों के सबको मिले। यह भाजपा का विकास का मॉडल है। हमारा सेक्युरिज्म यही है कि बिना भेदभाव के सबको लाभ मिलना चाहिए। इससे बड़ा सामाजिक न्याय और क्या हो सकता है। पीएम मोदी ने अपनी सरकार की कई योजनाओं का जिक करते हुए कहा कि हमारी योजना को प्रदेश में सबतक ले जाने में सीएम योगी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी पूरी सरकार कार्य कर रही है। आप सब जाएं गांवों में, उनकी सूची बनाएं जो लाभ नहीं पाए हैं। उनसे यह भी कहिए कि मोदी आगरा में आए थे। उन्होंने यह कार्य कराने की गारंट दी है। जनसभा में मौजूद लोगों से हाथ उठवा कर घर-घर जाकर सूची बनाने की हामी भरवाई। उन्होंने कहा कि हमने जिस मॉडल पर कार्य किया, उससे आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। अब मोदी तुष्टीकरण से आगे बढ़कर संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरकण में जुटा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग से प्रेरित है। भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण की बात करते बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर का अपमान कर रही है। कांग्रेस की हर बात को देश की न्यायपालिका ने ठुकरा दिया है। अब कांग्रेस ने पीछे के दरवाजे से खेल करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण में से कुछ चोरी करना चाह रही है। कांग्रेस चाह रही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर जोरदार हमला बोला है।

## चंबल की जमीन से मोदी ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

मुरैना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को चंबल की धरती से कांग्रेस पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान में स्पष्ट है कि धार्मिक आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने महापाप की शुरुआत करते हुए पिछड़ा वर्ग में मुसलमानों को भी शामिल कर लिया है। मुरैना से भाजपा उम्मीदवार शिव मंगल सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर कुर्सी के लिए छटपटा रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं। कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ है, जबकि हमारे लिए देश ही सब कुछ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मप्र के लोगों ने कांग्रेस के समय का वो काला दौर भी देखा है। कांग्रेस की पॉलिसी है, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान, मेहनत और समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए, कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन नेशन वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही इसको लागू किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने एमपी को बीमारू राज्यों की लाइन में खड़ा कर दिया था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस के बनाए गड्ढों को भरने के बाद मध्य प्रदेश और चंबल को नई और गौरवपूर्ण पहचान दिलाई है। भाजपा ● शेष पेज 11 पर

## विपक्ष पर योगी आदित्यनाथ का हमला

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा समेत इंडी गबंधन का देश के साथ गद्दारी करने का इतिहास रहा है। वे गरीब, पिछड़ों और दलितों के हकों पर डाका डालने वाले हैं। 2014 में आप सब ने पीएम मोदी पर भरोसा किया। उसका परिणाम सबके सामने हैं। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर है। आपके वोट ने बड़ा काम किया। पिछले 10 वर्षों में भारत की तस्वीर बदली है। आपका एक-एक वोट प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करेगा।

# पटना जंक्शन के पास होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत, 20 झुलसे


एजेंसी



पटना। राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है। सिटी एसपी सेंट्रल ने बताया कि अबतक 6 लोगों की इस ● शेष पेज 11 पर

# हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नेहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय ऐतिहासिक रिकॉर्ड आयोग का नया लोगो और आदर्श वाक्य जारी

नई दिल्ली । भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग (आईएचआरसी) का गुरुवार को नया लोगो और उद्देश्य को दर्शाता आदर्श वाक्य जारी किया गया। यह लोगो पूरी तरह से आईएचआरसी की थीम और विशिष्टता को दर्शाता है। कमल की पंखुड़ियों के आकार के पृष्ठ आईएचआरसी को ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए लचीले नोडल संस्थान के रूप में दर्शाते हैं। मध्य में सारनाथ स्तंभ भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करता है। रंग थीम के रूप में भूरा भारत के ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण, अध्ययन और सम्मान के संगठन के मिशन को मजबूत करता है। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### राहुल की अपील, संविधान बचाने के लिए करें मतदान

नई दिल्ली। आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी।

### प्रधानमंत्री ने प्रकाश सिंह बादल को पुण्य तिथि पर किया याद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को उनकी प्रथम पुण्य तिथि पर याद करते हुए कहा कि बादल साहब हमारे दिलों में रहेंगे। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ल्लमहान प्रकाश सिंह बादल साहब को उनकी पहली पुण्य तिथि पर याद करते हैं। उनकी अमिट भावना और सेवा के प्रति असीम समर्पण को बहुत याद किया जाता है। यहां एक लेख है जो मैंने पिछले साल लिखा था जिसमें मैंने हमारी करीबी बातचीत को याद किया था।

### प्रधानमंत्री मोदी के बारे में कुप्रचार करना ही उद्धव ठाकरे का एजेंडा: एकनाथ शिंदे

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कुप्रचार करना ही शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का मुख्य एजेंडा है। सीएम शिंदे ने कहा कि देश की जनता जागरुक है और वह इस बात को समझ रही है, इसलिए इस कुप्रचार का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने छत्रपति संभाजीनगर में पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे पहले प्रधानमंत्री मोदी की तारीफों के पुल बांधते थे, अब अपना झूठा प्रचार कर रहे हैं। एक बार मोदी की प्रशंसा करना और बाद में उन पर आरोप लगाना मूर्खतापूर्ण है। विपक्ष शोर मचा रहा है ।

# व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की वाद सूची

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




❐ 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है।

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित कर रहे हैं यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है। अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।


सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ व्हाट्सएप को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे। इस सेवा के शुरू होने से बार के सभी सदस्यों अधिवक्ताओं और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित ● शेष पेज 11 पर

## महाराष्ट्र में दूसरे चरण का मतदान 8 सीटों पर होगा, 16 हजार 589 मतदान केंद्र बनाये गए

मुंबई। महाराष्ट्र में 26 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव के दूसरे चरण में 8 संसदीय सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए कुल 16,589 मतदान केंद्र बनाकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। दूसरे चरण में कुल 204 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सामान्य मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि दूसरे चरण में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के 8 लोकसभा क्षेत्रों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़, परभणी में शुक्रवार को मतदान होगा। इसके लिए कुल 16,589 मतदान केंद्र उपलब्ध कराए गए हैं। इन पर एक करोड़ 49 लाख 25 हजार 912 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 18,471 सर्विस मतदाता ईटीपीबीएस के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इन आठ निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 37,403 बैलेट यूनिट (बीयू) और 16,589 कंट्रोल यूनिट (सीयू) और 16,589 ● शेष पेज 11 पर

# अब भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ भारत में रामराज्य का आगाज हो चुका है।

लखीमपुर खीरी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपना हर वायदे को पूरा किया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कंग्रेस की सरकार में आये दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। आज कहीं पर भी आतंकवादियों को आतंकी हरकत करने की हिम्मत नहीं करते। जिस शक्ति से भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्पों को पूरा किया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनवाने के साथ ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कराया। इसके साथ ही तीन तलाक कानून को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं एवं परिवारों को न्याय दिलाया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिन्दुस्थान की गरीबी बढ़ती चली गयी। उन्होंने बताया कि मोदी की सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

उन्होंने कहा कि हम सबको सतर्क रहने की जरूरत है। हमारी सनातन संस्कृति को कांग्रेस खत्म करना चाहती है। करतारपुर साहब हो या अन्य धार्मिक स्थलों को पुनरूद्धार करने का कार्य भाजपा ने किया है। भाजपा ऐसी पार्टी है वह जो कहती है वह करती है। हम लोगों ने कहा था जिस दिन संसद में हमें बहुमत मिलेगा अयोध्या में राम मंदिर बनायेंगे। आज रामलला अपनी कुटिया से निकलकर भव्य महल में विराजमान हो गए हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि कंग्रेस चुनाव में हिन्दू मुस्लिम कर रही है। अरब देशों के पांच मुस्लिम देशों ने नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने हैं, प्रदेश का मान-सम्मान व गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय ● शेष पेज 11 पर

# लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों के लिये मतदान की तैयारियां पूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




❐ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा के उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये।

नयी दिल्ली । लोकेसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जायेंगे और इसके लिये चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा। इसके लिये दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गयी हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिये घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान 66 प्रतिशत से कुछ अधिक था जो 2019 के औसत मतदान की तुलना में तीन प्रतिशत कम रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये फोन पर रिकार्ड की हुई अपील जारी करने के अेलावा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था लेकिन बहुजन समाज पार्टी बसपा के उम्मीदवार के निधन के कारण अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में कराया जायेगा। अट्ठासी सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20 कर्नाटक की 14 राजस्थान की 13 महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ मध्य प्रदेश की छह असम और बिहार की पांच-पांच छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा के उम्मीदवारों ● शेष पेज 11 पर

## मोदी राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को नोटिस भेजे




नयी दिल्ली । चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टीए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के ● शेष पेज 11 पर

# कई राज्यों में प्रचंड गर्मी और लू का पूर्वानुमान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




❐ दूसरे चरण के मतदान से पहले आईएमडी का अलर्ट

❐ ओडिशा में हालात संवेदनशील, रात में तापमान कम न होना अधिक चिंताजनक

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव तैयारियां की हैं। हालांकि, लगातार बढ़ रहा तापमान आयोग के साथ-साथ लोगों के भी पसीने छुड़ा रहा है। मौसम विभाग ने आगाह किया है कि 26 अप्रैल को मतदान के लिए घरों से निकलने पर जनता को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा। गुरुवार को मौसम विभाग की तरफ से जारी अलर्ट के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्म हवाएं और लू चलने की आशंका है। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट, जबकि बिहार और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि दूसरे चरण के चुनाव के दौरान 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 88 लोकसभा सीटों पर लाखों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिन राज्यों में वोटिंग होनी है उसमें केरल की 20 सीटें, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, बिहार और असम ● शेष पेज 11 पर

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। दूसरे चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (सुरक्षित), अलीगढ़ तथा मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण में कुल 01 करोड़ 67 लाख 77 हजार 198 मतदाता हैं। उसमें 90 लाख 26 हजार 51 पुरुष मतदाता, 77 लाख 50 हजार 356 महिला मतदाता एवं 791 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) में तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। उनमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी गौतमबुद्धनगर एवं मथुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 06 प्रत्याशी बुलंदशहर (सुरक्षित) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। दूसरे चरण में कुल 17704 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 7797 मतदान केन्द्र हैं। उक्त मतदेय स्थलों में से 3472 क्रिटिकल हैं। अमरोहा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अमरोहा लोकसभा सीट में कुल 17,16,641 मतदाता हैं। इसमें 9,08,551 पुरुष मतदाता, 8,08,035 महिला मतदाता व 55 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1856 मतदेय स्थल है। मेरठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मेरठ लोकसभा सीट में कुल 20,00,530 मतदाता हैं। इसमें 10,75,368 पुरुष मतदाता, 9,25,022 महिला मतदाता व 140 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2042 मतदेय स्थल है।

बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बागपत लोकसभा सीट में कुल 16,53,146 मतदाता है, जिसमें 8,97,703 पुरुष मतदाता, 7,55,369 महिला मतदाता व 74 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1737 मतदेय स्थल हैं। गाजियाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गाजियाबाद लोकसभा सीट में कुल 29,45,487 मतदाता हैं। इसमें 16,23,506 पुरुष मतदाता, 13,21,804 महिला मतदाता व 177 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3092 मतदेय स्थल है।

# जेईई मेंस में महामना शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जेईई मेंस की परीक्षा में महामना शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। महामना शिक्षण संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी ने बताया कि 2024 के आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा में संस्थान द्वारा गणित समूह के कुल 18 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गयी, जिनमें से 15 छात्रों ने प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की है। इन सफल 15 में से 3 छात्रों ने तो 95 पर्सेन्टाइल से अधिक अंक और 8 छात्रों ने 88 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। छात्रों में कार्तिकेय ने सर्वाधिक 98.31 परसेंटाइल प्राप्त किया है, वही अमन ने 97.42 तथा परीक्षित देशवाल ने 95.53 परसेंटाइल प्राप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित महामना शिक्षण संस्थान वर्ष-2019 से अर्जुनगंज लखनऊ में समाज के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र में सेवा का कार्य कर रहा है। महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प की संयोजिका डॉ.अणिमा जामवाल ने बताया कि बालिकाओं में इस वर्ष प्रिया ने प्रथम प्रयास में सर्वाधिक 98.03 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। तीन और बालिकाएं आकांक्षा, प्रतिज्ञा और हर्षिता ने द्वितीय प्रयास में 90 से ऊपर परसेंटाइल प्राप्त करने में सफल रही है। गत वर्षों के आंकड़ों के आधार पर इन सभी सफल विद्यार्थियों को देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश मिल सकेगा। महामना शिक्षण संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में संस्थान से निकले 30 विद्यार्थी देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में बी.टेक और एमबीबीएस की उच्च शिक्षा ले रहे हैं। संस्थान के ये सभी विद्यार्थी समाज के बिलकुल अंतिम छोर से आते हैं। किसी के पिता कृषक हैं तो किसी के दैनिक श्रमिक। इन विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा हेतु फ़ीस की व्यवस्था भी महामना शिक्षण संस्थान समाज के सहयोग से करता है। उन्होंने बताया कि महामना शिक्षण संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए नए सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दिया है। प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट बबब.द्वथद्धथद्वथद्धथपथद्वपप्द्धथद्व.धन्द पर किया जा सकता है।संस्थान में निःशुल्क कोचिंग के साथ निःशुल्क भोजन, आवास व कम्प्यूटर, इंटरनेट तथा कक्षा 11 व 12 की संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ रूबिक्स रोस्ट्रम कोचिंग इंस्टिट्यूट के द्वारा उच्च स्तर की तैयारी करायी जाती है। इसके अतिरिक्त आइआइटी व मेडिकल के पूर्व सफल विद्यार्थियो, विषय विशेषज्ञों तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन किया जाता है।

# प्रधान की शिकायत पर तालाब की जमीन पर राजस्व की टीम ने पैमाइश की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। कस्बा काकोरी में सैदपुर मार्ग पर स्थित बिजली पावर हाउस के पास ग्राम प्रधान की शिकायत पर गुरुवार को तालाब की जमीन की राजस्व की टीम ने पैमाइश की।पैमाइश में एक कॉलेज के संचालक का कुछ हिस्से पर कब्जा पाया गया।लेकिन कालेज के सांस्थापक ने बड़ी कार्यवाही के डर से तत्काल अवैध कब्जे वाली जमीन पर से अपना दावा वापस लेते हुए तहसील सदर के कर्मचारियों के सुपुर्द कर दी।जिसके बाद टीम ने ग्राम प्रधान को उक्त जमीन सुपुर्दगी में दें दी।ज्ञात हो कि बुधवार को काकोरी कस्बा सड़क की नाप-जोख हुई थी।जिसमें इसी कालेज के संथापक के किंग हॉस्पिटल की तिमंजिला बिल्डिंग का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा पीडब्ल्यूडी और सिंचाई बना हुआ पाया गया था।उक्त सड़क की पैमाइस के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव ने मांग करते हुए अपर जिला अधिकारी प्रशासन सहित सभी को शिकायती पत्र दिया था।जिस पर कार्यवाही शुरु हुई है।राजस्व कर्मचारियों के अनुसार कस्बा काकोरी के बरगदतला निवासी कदर अहमद खान उर्फ बन्ने खाँ का तालाब की जमीन के खसरा संख्या 2476 के कुछ भाग पर अवैध कब्जा कर रखा था जमीन की पैमाइस के बाद तत्काल अपने कब्जे वाली जमीन को छोड़ने की बात कह कर उनके बेटे डॉ शहनवाज कदर खान ने लिखित रूप से देकर अपना कब्जा छोड़ दिया है साथ ही उक्त जमीन को एटीए ग्राम पंचायत के प्रधान ज्योति प्रकाश यादव को उक्त जमीन को सुपुर्दगी में दे दी गई है।कदर अहमद खान किंग हॉस्पिटल के साथ ही कदर अहमद खान ऑफ़ फार्मेसी एन्ड कालेज के भी संस्थापज बताये जाते हैं।

## पूर्वांचल को चम्बल बोलना इस चुनाव में बहुत भारी पड़ेगाः अजय राय

वाराणसी। प्रदेश कंाग्रेस के अध्यक्ष और वाराणसी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय ने गुरुवार को पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र पांच न्याय-कंाग्रेस की गारंटी और वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के लिए अपनी अपील पत्र जारी किया। प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष अपने लहुराबीर महामंडल नगर स्थित कैंप कार्यालय पर गठबंधन दल के सभी जिलाध्यक्षों के साथ मीडिया कर्मियों से मुखातिब थे। अजय राय ने वाराणसी में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पूर्वांचल चम्बल था पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि खुद गृहमंत्री बताएं कि लगातार वर्षों से वाराणसी में भाजपा के सांसद, विधायक, अधिकतर जनप्रतिनिधि हैं तो क्या यह भी चम्बल के है। पूर्वांचल जहां से नरेंद्र मोदी ने दिल्ली का रास्ता तय किया अपना क्या वह भूमि चम्बल है ? प्रदेश में भाजपा की सरकारें रही क्या उस समय के मुख्यमंत्री चम्बल के थे ? अजय राय ने कहा कि पूर्वांचल की माटी देश का भविष्य तय करती है। पूर्वांचल की माटी इतिहास लिखती है और इस चुनाव में पूर्वांचल की माटी ने भाजपा सरकार को नकारने का मन बना ली है।

## गेहूं की फसल कटाई-मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट का बोरे गीला करके रखेः डॉ. खलील खान

एजेंसी

कानपुर। गेहूं फसल की मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट के बोरे आदि को पूर्ण रूप से पानी में डुबोकर थ्रेशिंग कार्य करते समय आसपास जरूर रखें। जिससे आग लगने की दशा में गीले बोरों को डालकर आग बुझाया जा सके और बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। मड़ाई यंत्र को समतल दशा में स्थापित करें तथा थ्रेसर में लगाई गई सुरक्षा तंत्रों को न हटाए। यह जानकारी गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने दी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा है कि गेहूं आदि के फसल की कटाई मड़ाई करते समय अपना मुंह मास्क या अंगोछे से ढक कर रखें। किसान भाई कंबाइन मशीन, रीपर या अन्य कृषि यंत्रों जैसे हंसिया द्वारा गेहूं की कटाई करते हैं कृषि यंत्रों के प्रयोग करते समय कभी-कभी चिंगारियां निकलती है या फसल कटाई करते समय कार्य करने वाले लोगों द्वारा धूम्रपान का प्रयोग किया जाता है। जिसकी चिंगारी से फसल जलकर राख हो सकती है, ऐसे समय में किसान भाई सावधानी बरतें की कोई धूम्रपान न करने पाए। किसान भाइयों के पास फसल मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट के बोरे आदि को पूर्ण रूप से पानी में डुबोकर थ्रेशिंग कार्य करते समय आसपास जरूर रखें। जिससे आग लगने की दशा में गीले बोरों को डालकर आग बुझाई जा सके। तथा बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। मड़ाई यंत्र को समतल दशा में स्थापित करें तथा थ्रेसर में लगाई गई सुरक्षा तंत्रों को न हटाए। डॉ खान ने किसान भाइयों को यह भी सलाह दी है कि थ्रेसर पर कार्य करते समय शरीर पर ढीले कपड़े, घड़ी, कड़ा इत्यादि पहनकर कार्य न करें। फसल थ्रेसर में लगाते समय हाथ को उचित दूरी पर ही रखें तथा थ्रेशिंग कार्य करते समय आपस में बातें न करें। इस समय चौकस रहने की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक ने बताया कि थ्रेसर में किसी प्रकार का समायोजन तभी करें जब इंजन या मोटर बंद हो। थ्रेसर को चलाने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि थ्रेसर की सभी घूमने वाली वस्तुएं बिना रुकावट के घूम रही हो।

## बलरामपुर चिकित्सालय के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

लखनऊ। बुधवार को को संत निरंकारी मंडल लखनऊ ब्रांच लखनऊ द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन श्रृंगार नगर आलमबाग में किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन बलरामपुर चिकित्सालय के सहयोग से किया गया था। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में 100 से अधिक ब्लड यूनिट डोनेशन का लक्ष्य रखा गया था। डॉक्टर विनोद गुप्ता प्रभारी ब्लड बैंक ने बताया की ब्लड डोनेशन से कई फायदे होते हैं तथा ब्लड डोनेशन करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती रक्तदान जीवनदान है कोई भी स्वस्थ आदमी जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष वजन 45 किलोग्राम के ऊपर हो तथा हीमोग्लोबिन 12.30एमजी /डीएल या उसके ऊपर हो कर सकता है रक्त का कोई विकल्प नहीं है रक्तदान से शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया में तीव्रता आती है वहीँ अस्पताल के निदेशक डॉक्टर पवन कुमार ने बताया कि बलरामपुर चिकित्सालय द्वारा लगातार सोशल एक्टिविस्ट समूह, स्वयंसेवी समूह, संस्थाओं एनजीओ आदि के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया की बलरामपुर चिकित्सालय में भर्ती होने वाले निराश्रित रोगियों आदि को ये ख़ून निशुल्क उपलब्ध भी कराया जाता हैं। इस अवसर पर कैंप में डॉ सूबेदार चिकित्साधिकारी, ब्लड सेंटर, लैब टेक्नीशियन तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने सहयोग किया था।

## उड़ीसा से कानपुर जा रहा 45 लाखे का गांजा बरामद, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर। कोतवाली अहरौरा व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम ने गुरुवार को लगभग 45 लाख के अवैध गांजा पकड़ा है। टीम ने बरामद गांजे के साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन के साथ दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई में अहरौरा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सूचना के आधार पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग कर एक ट्रक में सवार दो गांजा तस्कर राम सिंह पुत्र छेदी लाल सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व धर्मवीर सिंह पुत्र हरेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम बरी पोस्ट किच्छा थाना फुलवट्टा जनपद उधमपुर, उत्तराखण्ड को पकड़ा है। ट्रक की तलाशी में कच्चे नारियल के पीछे छिपाकर रखा हुआ कुल 152 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अहरौरा बृजेश सिंह व उपनिरीक्षक रणेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज ने बताया कि आरोपित गांजा तस्कर उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा से ट्रक में कच्चे नारियल के पीछे गांजा छिपाकर कानपुर ले जा रहे थे। कानपुर से मांग के अनुसार आसपास के जनपदों में गांजा सप्लाई करते हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अहरौरा थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार गांजा तस्करों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा गया है। गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को सीज किया गया।

## अब प्लेटलेट के लिए नहीं भटकेंगे मरीज, रक्त केंद्र में लगेगी एसडीपी मशीन

मीरजापुर । प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा. आरबी कमल की अध्यक्षता व प्रमुख अधीक्षक डा. तरुण सिंह के निर्देशन में रक्तदान को बढ़ावा कैसे दें विषय पर गोष्ठी का आयोजन गुरूवार को मंडलीय जिला चिकित्सालय में किया गया। गोष्ठी में जिले की कई संस्थाओं ने प्रतिभा किया और रक्तदान को बढ़ावा कैसे दिया जाए, इस पर अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा. आरबी कमल ने कहा कि दिए गए सुझाव पर अमल किया जाएगा तथा रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. तरुण सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। डा. कमल ने बताया कि रक्त केंद्र में एसडीपी मशीन आ गई है। शीघ्र ही इसे लगवाया जाएगा, जिससे डेंगू के समय प्लेटलेट के लिए मरीजों को भटकना न पड़े। संचालन जननसंपर्क अधिकारी रामकुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान लायंस क्लब, आभा फाउंडेशन, रोटरी क्लब गौरव, निरंकारी मिशन राजकीय पॉलिटेक्निक, रोटरी क्लब विंध्याचल, विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट, श्रीसाईं परिवार सेवा संगठन, जीडी बिनानी पीजी कॉलेज, राउंड टेबल व रॉबिनहुड आर्मी आदि संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने थामा भाजपा का दामन

अयोध्या । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय का भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लखनऊ कार्यालय पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को उन्हें भाजपा में शामिल कराया था। गुरुवार को पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 51 किलो की माला पहना कर सभी का स्वागत किया।

## एआरपी जितेंद्र ने बच्चों को वितरित की कापियां, बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का स्वनिर्मित ग्रीटिंग देकर किया अभिनंदन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रूरा (कानपुर देहात)। खेल हमारे दिल दिमाग को स्वास्थ्य रखने के साथ साथ रोजगार में वरीयता दिलाने में सहायक हैं उक्त बात ए आर पी डेरापुर जितेंद्र ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा में नन्हे मुन्ने बच्चों के बालक बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कही प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि खेलों में ईश्वर का वास है खेल हर तरह से लाभकारी हैं इस अवसर पर राज्य सरकार पुरस्कार से अलंकृत शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित कहा कि खेल का परिणाम तुरंत मिल जाता है जबकि पढ़ाई का परिणाम एक साल बाद आता है इस अवसर पर अवधेश कुमार, माया देवी , गुंजन पाण्डेय अर्चना बच्चे प्रान्शी, शिखा,शान्या अनुदेशक प्रियंका यादव आदि की उपस्थित रही।

# भीषण सड़क हादसों में छह लोगों की हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(कानपुर देहात.) । एक दिन में हुए दो भीषण सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई. दो अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों से इलाके में हड़कंप मच गया है. हमीरपुर क्षेत्र से बारात से लौट रहे 10 लोग कार में सवार थे. लौटते वक्त भोगनीपुर क्षेत्र की सीमा में प्रवेश करते ही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे उपरोक्त गाड़ी में सवार लगभग 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई. उपरोक्त हादसे के समय पलटी कार में चीख पुकार मच गई तो सड़क पर राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया..और कार में फसे सभी लोगों को बाहर निकला और हादसे की सूचना पुलिस को दी, जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया । अभी इस घटना में पुलिस संभाल ही पाई थी ही की कानपुर देहात के मूसानगर क्षेत्र से भी एक सड़क हादसे की सूचना मिली, जिसमें ट्रक और डीसीएम की आपस में भिड़ंत हो गई. इस हादसे में 18 वर्ष के अजय, 42 साल के सुलखान और 55 वर्ष के एक बुजुर्ग की हादसे में मौत हो गई । कानपुर देहात में एक साथ हुई दो सड़क दुर्घटना में 6 मौतों की मौत हो गई है, जिससे जिले में कोहराम मच गया. वहीं दोनो हादसे में पहुंची पुलिस ने सभी 6 शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलो को उपचार के लिए भेज दिया है. कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों की उपचार के लिए डॉक्टर्स से बात की इसके साथ ही सभी हादसों में घायलों के परिजनों को सूचना भी दी।

# कन्नौजः नामांकन कर अखिलेश ने कहा, फिर इतिहास दोहराया जाएगा

एजेंसी



कन्नौज । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज से गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया। वह दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके साथ चाचा प्रो. रामगोपाल यादव भी थे। कलेक्ट्रेट में भारी संख्या में समर्थकों ने फूल बरसाकर सपा अध्यक्ष का स्वागत किया। ढोल-नगाड़े बजाए। अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप यादव नामांकन में शामिल नहीं हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव रुझानों को देखकर भाजपा नेताओं की भाषा बदल गई। कन्नौज की क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की बातें करने वाले लोग बेरोजगारों की बात नहीं कर रहे। पेपर लीक करवा रहे हैं ताकि नौकरी न देनी पड़े। भाजपा के लोग टैक्स के नाम पर पैसा वसूल रहे हैं। जीएसटी देने वालों को जीएसटी चोरी करना इन लोगों ने सिखाया। देर से नाम घोषित करने के सवाल पर बोले कि हथौड़ा तब मारना चाहिए, जब लोहा गर्म हो और हमने वही काम किया है। अखिलेश ने कहा कि मैं अभी नामांकन करके आ रहा हूं। पार्टी, नेता, कार्यकर्ता और सभी की भावनाएं यह थी कि मुझे यहां से चुनाव लड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। मैं कन्नौज के विकास के लिए काम करूंगा। यहां का व्यापारी जिस सड़क पर चलता है, वो समाजवादी पार्टी की देन है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पांडु नदी, काली नदी और ईशन नदी पर समाजवादियों ने पुल बनाने का काम किया था। हमने रसूलाबाद में हवाई पट्टी बनवाई थी। जिस पर महज भाजपा की ओर से एक बार हवाई जहाज उतारा गया। सुरक्षा के लिहाज से गंगा पार हमने रनवे बनवाया था। उस पर भी भाजपा ने कोई काम नहीं किया। रामगोपाल यादव ने कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के बयान पर कहा कि अब भी कन्नौज सपा का गढ़ है। जो जीत गया वह उसकी पहली और आखिरी जीत थी। उनके (सुब्रत पाठक) दिमाग में फितूर हो गया है। बता दें कि सुब्रत पाठक ने कहा था कि सपा सांप्रदायिकता, जातिवाद और परिवारवाद की पाठशाला से निकली है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नामांकन से पहले सोशल मीडिया पर 24 साल पहले किये गए कन्नौज से अपने नामांकन की फोटो एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, फिर इतिहास दोहराया जाएगा। अब नया भविष्य बनाया जाएगा। इसके बाद चाचा शिवपाल ने भतीजे अखिलेश की पोस्ट को शेयर कर लिखा- विजय भवः सर्वदा। कन्नौज के लिए मंगलवार को सपा के चार कार्यकर्ताओं ने सात सेट में नामांकन पत्र खरीदा था। सूत्रों ने बताया कि इसमें अखिलेश यादव के नाम का भी पर्चा था।

**चाचा शिवपाल ने शेयर कर दिया आशीर्वाद बोले विजयी भवः सर्वदा**

## कन्फैक्शनरी की दुकान में भीषण आग से लाखों का माल जला

मेरठ। भावनपुर थाना क्षेत्र की संजय विहार कॉलोनी में गुरुवार को कन्फैक्शनरी की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान में लाखों रुपये का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया। भावनपुर थाना क्षेत्र की संजय विहार कॉलोनी में अंकित गोयल की गोयल डेयरी एंड कन्फैक्शनरी के नाम से दुकान है। अंकित गोयल के अनुसार, गुरुवार सुबह उसकी दुकान में अचानक आग लग गई। आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। धुआं देखकर आसपास के लोगों ने अंकित को इसकी जानकारी दी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग फैलती चली गई तो फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मेहनत करके किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग बुझने तक दुकान में रखी नकदी समेत लाखों रुपए का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों का कहना है कि अभी आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है, मामले की जांच की जा रही है।

# एनबीएफजीआर में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के कर्मचारी और शोधकर्ताओं द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा(आईपी) दिवस मनाने के लिए नवीन विचारों को बढ़ावा देने और अपरंपरागत दृष्टिकोणों की खोज करने के उद्देश्य से आकर्षक और विचारोत्तेजक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शोधकर्ता, उद्यमी और परिवर्तनकारी व्यक्ति सीमैप के पूर्व निदेशक, डॉ एसपीएस खनूजा थे, जिन्होंने एक बहरे मेंढक के बारे में एक मनोरम कहानी साझा की, जो नवाचार के प्रति दृढ़ता और सकारात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को दर्शाती है। अपने व्याखान में उन्होंने वैज्ञानिक प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए बाधाओं पर काबू पाने और अद्वितीय गुणों का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिवर्तनकारी अनुसंधान और किसानों के साथ संबंध बनाकर चुनौतियों पर काबू पाने के बारे में बात की। उन्होंने प्रयोगशाला में काम करने और अनुसंधान से लेकर प्रयोगशाला तक के आउटपुट के साथ किसानों से जुड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई तकनीक को अपनाने और नए कौशल के साथ खुद को अपग्रेड करने के महत्व को भी व्यक्त किया। उन्होंने एक ऐसे उत्पाद के साथ नए चुनौतीपूर्ण विचारों पर काम करके मानव मन की रचनात्मकता को उजागर करने के बारे में बात की, जो पेटेंट की क्षमता के साथ नवीन और उपयोगी हो। डॉ खनूजा ने अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए प्रासंगिक अनुसंधान में समाधान खोजने और चुनौतियों को बौद्धिक संपदा के अवसरों में बदलने की अंतर्दृष्टि भी दी। संस्थान के निदेशक डॉ यू के सरकार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों तथा अनुसन्धान प्रगति के विषय में जानकारी दी।

# एसबीआई कार्ड ने ट्रैवेल के शौकीनों के लिए लांच किया एसबीआई कार्ड माइल्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूअर एसबीआई कार्ड ने ट्रैवेल पर आधारित अपने पहले ट्रैवेल-फ़ोकस कोर क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स' के तीन वैरिएंट लॉन्च किए हैं। इस कार्ड का उद्देश्य हर तरह के यात्री के लिए भरपूर यात्रा लाभ मुहैया करवाना है, फिर चाहे वे सफ़र करने की चाह रखने वाले हों, लगातार उड़ान भरने वाले हों या फिर यात्रा करने के शौकीन हों। एसबीआई कार्ड माइल्स आकर्षक फ़ीचर्स का ऑफ़र देता है जिनमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलने के साथ-साथ हर ट्रैवेल बुकिंग पर ऐक्सेलरेटेड रिवॉर्ड और एयरपोर्ट लाउंज ऐक्सेस शामिल हैं। यह कार्ड रीडेम्पशन के पूर्ण विकल्प के साथ कार्डहोल्डर्स को सशक्त बनाते हुए एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, एयर फ़्रांस-केएलएम, एतिहाद एयरवेज़, एयर कनाडा, थाई एयरवेज़, क्वांटास एयरवेज़, आईटीसी होटल, आईएचजी होटल और रिज़ॉर्ट्स सहित 20 से ज़्यादा एयरलाइन और होटल ब्रैंड्स के साथ पार्टनर हैं, जिनमें ऐकॉर भी शामिल है।

## लोकसभा चुनाव में बीजेपी की आईटी सेल जिम्मेदारी तय

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में लखनऊ लोकसभा चुनाव में भाजपा महानगर द्वारा आईटी विभाग की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि अब जमाना न पोस्टर का है न फ्लैक्स का। परिवर्तन का दौर है। हर हाथ में मोबाइल और इसमें इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म है। आई टी सेल लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पार्टी जुट चुकी है। हर बिंदू पर काम किया जा रहा है मोबाइल और इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का बेहतर उपयोग तो भाजपा पहले से ही करती चली आई है लेकिन अब इन इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से सीधे जुड़ने वालों से उनका सीधा संपर्क होने वाला है। इसके लिए बूथ स्तर पर कमेटियों को सक्रिय कर दिया गया है भाजपा की आईटी टीम विभिन्न ग्रुप के जरिए न केवल उन्हें जोड़ेगी बल्कि सरकार की योजनाओं की जानकारी भी देगी।

## 09 मई से शुरू होंगी हज यात्रियों की उड़ानें

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हज-2024 हेतु लखनऊ उड़ान स्थल के हज यात्रियों की उड़ानें 09 मई, 2024 से आरम्भ होंगी। यह उड़ान 24 मई तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों का हज हाउस आगमन 07 मई से आरम्भ हो जायेगा। हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ान स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं समयन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सऊदी एयरलाइंस, कस्टम, इमीग्रेशन, सी.आई.एस.एफ. फायर सर्विस, जल निगम, वक्फ विकास निगम, उर्दू अकादमी, सूडा व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की जागरूकता हेतु कार्य कर रहे युवा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के कुछ युवाओं ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण हेतु जागरूकता फैलाने एवं भ्रांतियाँ तोड़ने का बीड़ा उठाया है। लगभग छह माह से नियमित टीकाकरण हेतु यह युवा लखनऊ में स्थित झुग्गियों एवं ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के कार्यक्रम कर रहे हैं। इन युवाओं ने सरकार से सहयोग से कुछ विशेष टीकाकरण सत्रों का भी आयोजन कराया जिसमें वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराया गया। ख्वाजा मोईनूद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा यह कार्य, चिल्ड्रेनस होप फॉर एक्शन एण्ड बेटर इम्पैक्ट यूथ अडवोकेसी नेटवर्क के अंतर्गत किया जा रहा है। इसकी शुरुवात यूनिसेफ उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, डॉ शकुंतला मिश्र पुनर्वास विश्वविद्यालय एवं ख्वाजा मोईनूद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के समाज कार्य एवं पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 20 नवंबर 2023 को विश्व बाल दिवस के अवसर पर की गई थी।

## 06 वर्षो के लिए संगठन से निष्कासित हुए कुंवर उपेंदु पटेल ऊर्फ आशू चौधरी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के वरिष्ठ प्रदेश सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि कुंवर उपेंदु पटेल ऊर्फ आशू चौधरी को संगठन व समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के कारण उन्हे 06 वर्षो के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। हालांकि उन्होने यह भी बताया कि उनके निष्कासन को लेकर एक पत्र जिलाधिकारी बाराबंकी को भी दे दिया गया है।

## शॉर्ट-सर्किट से लगी आग गेहूं की फसल जलकर राख

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। । बंथरा क्षेत्र के ऐन गांव में एक किसान के खेत में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे तेज हवाओं के चलते विद्युत लाइन में हुई शॉर्ट-सर्किट से निकली चिंगारी के कारण करीब दो बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग लगते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया तत्काल ही ग्रामीण भाग कर खेत पहुंचे तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई जिसके कुछ देर बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद फसल में लगी आज पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक करीब दो बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी।

# नुक्कड़ सभाओं में विकास कार्यों की हुई चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा लखनऊ प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं में लखनऊ महानगर में हुए विकास कार्यों की चर्चा की।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा के अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड बर्फखाना तथा पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड में सभाओं का संबोधन किया। वही उत्तर विधानसभा में डॉ नीरज बोरा ने कुर्सी रोड स्थित लाल लाजपत राय वार्ड तथा विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत छोटा रामलीला मैदान, प्राथमिक पाठशाला निवाजगंज विजय हलवाई चौराहा में क्षेत्रीय जनता को संबोधित किया, कैंट विधानसभा के बाबू बनारसी वार्ड में राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपाई उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आम जनता के मन में फिर एक बार मोदी सरकार का है समाज के हर तबके का आशीर्वाद और समर्थन भाजपा को प्राप्त हो रहा है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कैप्टन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सरोजिनी नगर लखनऊ में मलेरिया के कारणों, लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में कैडेट को शिक्षित करने के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव, डॉ गोपी लाल (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉक्टर निशांत (डीएसओ) डॉक्टर सुदेश (कीट विज्ञानी) डॉ रितु श्रीवास्तव (जिला मलेरिया अधिकारी) मुख्य अतिथि डॉक्टर सौरभ कश्यप (केजीएमयू) डॉक्टर नीरज गुप्ता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डॉक्टर वसीम शाह चिकित्सा अधिकारी, सुयश श्रीवास्तव, गोदरेज द्वारा वित्त पोषित पाथ सीएचआरआई से डॉक्टर अमित शुक्ला, राहुल कुमार, आशीष द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस आयोजन में लगभग डेढ़ सौ कैडेट को संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी दी गई, और प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में कैडेट द्वारा संक्रामक रोगों से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर डॉक्टर सुदेश द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक गण मनीष यादव, जयप्रकाश, अमित का विशेष योगदान रहा।

## भारत एकेडमी स्कूल में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह हुआ संपन्न



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बालागंज स्थित भारत एकेडमी स्कूल में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो वरिष्ठ जनों ने हिस्सा लिया आपको बता दें सभी बुजुर्गों को सम्मानित किया गया एवं रात्रि भोज की व्यवस्था भी की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंजनी श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता आध्यात्मिक गुरु विवेक तांगड़ी , शिवपाल सवारियां , संतोष राय आर एन पटेल , पुष्पा सिंह महिला मोर्चा , माला द्विवेदी आज कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे भारत एकेडमी की निर्देशिका कार्यक्रम के आयोजन सरवन सक्सेना , रजत सक्सेना , भरत सक्सेना ने बताया कि हमारे वरिष्ठजन उस पेड़ के समान है जो हम सभी को छाया और फल प्रदान करते हैं लेकिन कहीं ना कहीं हम उनकी महत्वता को भूलने जा रहे हैं हमारे इस कार्यक्रम के माध्यम से हम समझ में यह बदलाव लाना चाहते हैं कि अपने वरिष्ठ जनों को हम उचित स्थान प्रदान करें क्योंकि जीवन में सफलता बड़ों के आशीर्वाद से ही मिलती है कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने भारत एकेडमी स्कूल द्वारा उठाए गए इस कदम की और लगातार विद्यालय द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

# मण्डल रेल प्रबन्धक की अध्यक्षता में आयोजित हुई विभिन्न विषयों पर संरक्षा कार्यशालाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में चल रहे द्वितीय संरक्षा महासम्मेलन के दूसरे दिन मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर संरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की गईं। जिसमें वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा शिल्पी कन्नौजिया द्वारा मण्डल में आपदा प्रबन्धन स्ट्रक्चर एवं आपदा के दौरान त्वरित रूप से की जाने वाली कार्यवाही, मण्डल विद्युत इंजीनियर एवं आपरेशन एमके राव द्वारा स्पैड से संबंधित दुर्घटनाएं एवं इनकी रोकथाम, सीनियर सेक्शन इंजीनियर एवं समाडि कु0 चन्दा डे द्वारा 'रोलिंग स्टॉक' से संबंधित दुर्घटना, संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अनुरक्षण के दौरान ध्यान देने योग्य विशेष कार्यवाही, आग की घटनाओं से बचाव व सावधानियां, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल यादव द्वारा 'एचआरएमएस एप्लिकेशन पर आनलाइन लीव एवं दुर्घटनारहित सेवा पुरस्कार पर प्रस्तुति, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यदेव पाठक द्वारा रेल संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व सिगनल फ्लाईबैक से संबंधित केस की प्रस्तुति एवं अपर मण्डल चिकित्सा अधीक्षक डा संजय तिवारी द्वारा मण्डल के चिकित्सालयों व हेल्थ यूनिटों में उपलब्ध सुविधाओं एवं आपात स्थिति के दौरान दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा पर प्रस्तुति, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक एवं कोचिंग अमिताभ कुमार द्वारा दुर्घटना के दौरान संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ड्यूटी के दौरान विशेष कार्यवाही तथा सिविल डिफेंस निरीक्षक शिवनाथ श्रीवास्तव द्वारा आग लगने के दौरान अग्निशामक यंत्र के प्रयोग की प्रस्तुति दी गयी। संरक्षा सम्मेलन में आये हुए रेलकर्मियो को संरक्षा काउंसलिंग करने के साथ साथ उनके सुझावों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान मण्डल रेल प्रबन्धक ने वक्ताओ को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

# यूपीएसआईएफएस ने किया आईआईआईटी लखनऊ के साथ आठवां एमओयू

## छात्रों को फोरेंसिक, कानून, सामाजिक विज्ञान एवं साइबर सुरक्षा जैसे विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा: डॉ. जी.के. गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स लखनऊ ने आज संस्थान को और अधिक गति देने के उद्देश्य से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), लखनऊ के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया । यह एमओयू यूपीएसआईएफएस, लखनऊ के निदेशक डॉ जी.के गोस्वामी एवं आईआईआईटी, लखनऊ के निदेशक डॉ. अरूण मोहन सेरी के बीच हस्ताक्षरित किया गया । यूपीएसआईएफएस, लखनऊ का महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ यह आठवां ख्रधठ है । जिनमें एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात, एकेटीयू लखनऊ, सीडीएफडी हैदराबाद, टीआईएसएस मुम्बई, एनयूजेएस पश्चिम बंगाल एवं आईआईटी कानपुर आदि प्रमुख है ।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ जी.के गोस्वामी ने बताया कि आईआईआईटी, लखनऊ से हुए इस एमओयू से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को ज्ञानार्जन हेतु एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिलेगा । यूपीएसआईएफएस एवं आईआईआईटी, लखनऊ के बीच के माध्यम से संस्थान के छात्रों को फोरेंसिक, कानून, सामाजिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और अन्य विषयों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा तथा साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी विशेषज्ञता को हासिल करेंगे । उन्होनें कहा कि दोनो संस्थान साइबर फॉरेंसिक एवं सूचना प्रद्योगिकी में नये ऑनलाइन कोर्स भी तैयार करेंगे, ताकि छात्रों एवं व्यवसायिक विशेषज्ञों को बेहतर शिक्षा दिलाया जा सके ।

डॉ. गोस्वामी ने बताया कि दोनों संस्थानों का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियाँ, अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग, विभिन्न संगठनों से पेशेवरों का प्रशिक्षण, संकायों और छात्रों का आदान-प्रदान एवं दोनों पक्षों की आपसी सहमति से साइबर फॉरेंसिक क्षेत्र में कार्य करना है । अध्ययन के परिणामों शोध पत्र, पेटेंट, उत्पाद इत्यादि दोनों पक्षों के योगदानकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से साझा भी किये जायेंगे । उन्होंने कहा कि विशेष शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए दोनों संस्थानों के विषय-विशेषज्ञ एक-दूसरे के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे ।

**दोनो संस्थान साइबर फॉरेंसिक एवं सूचना प्रद्योगिकी में नये ऑनलाइन कोर्स भी तैयार करेंगे: निदेशक**

इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के छात्रों को सम्बोधित करते हुए आईआईआईटी, लखनऊ के निदेशक डॉ.अरूण मोहन सेरी ने कहा कि छात्रों को किसी भी विषय के मूल तत्व को समझने की आवश्यकता है बजाय मात्र किताबी ज्ञान के । उन्होंने सामान्य जीवन का उदाहरण देकर बैन्डविथ जैसे जटिल विषय को छात्रों के सामने सरलता से प्रस्तुत किया । अन्त में डॉ. सेरी ने मनोविज्ञान सोशल मीडिया तथा आईटी के बीच की बारीकियों को भी छात्रों को समझाया । एमओयू एवं उनके व्याख्यान को लेकर खासा उत्साह का वातावरण मिला ।

कार्यक्रम के अन्त में श्री राजीव मल्होत्रा, अपर निदेशक, यूपीएसआईएफएस ने आईआईआईटी से आये समस्त अधिकारीगणों का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक श्री चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी श्री अतुल कुमार यादव सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन यूपीएसआईएफएस के छात्रों द्वारा किया गया ।

# रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा मानव एकता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रक्तदान शिविर में 55 महिलाओं समेत कुल 170 लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन लखनऊ के जोनल इंचार्ज रितेश टंडन ने बताया कि मानव एकता दिवस के अवसर पर लखनऊ के संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदाता सेवादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए 170 श्रद्धालु सेवादारों ने रक्तदान किया जिसमें 55 महिलाएं भी शामिल रही। संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज रितेश टंडन ने कहा कि ''रक्त नालियों में नहीं बल्कि मनुष्य की नाड़ीयों में दौड़ना चाहिए'' रक्तदान एक महादान है मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निस्वार्थ भावना निहित है। वही संत निरंकारी मिशन के सेवादार मुकेश सिंह ने बताया कि यह रक्तदान शिविर केजीएमयू, पीजीआई तथा बलरामपुर अस्पताल से आए हुए डॉक्टर तथा उनकी टीम की देखरेख में किया गया रक्तदान शिविर में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली सभी जांचे की गई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओ हेतु उत्तम रूप से जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमारे रक्तदान किए गए रक्त से कई मानव जिंदगियां बचती हैं रक्तदान का कितना महत्व है इसका एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमे आत्मसंतुष्टी मिलती है। वहीं कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियां के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे शरीर में कोई हानि नहीं होती है बल्कि हमारे शरीर को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। 18 वर्ष की अधिक आयु के स्वस्थ लोग रक्तदान कर सकते हैं हमारे नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और रक्तदाता को हृदय घात आदि गंभीर बीमारियों की संभावना कम रहती है। वही नियमित रक्तदान करने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचे भी साथ में हो जाती हैं।

# प्रेक्षक ने डीएम संग इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग से नामित 28त्खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी।सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम ने सामान्य प्रेक्षक को चुनाव कराने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम विनोद गुप्ता, प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम भारत प्रसाद मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिए निर्देश

28त्खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा, परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी)/एसडीएम रेनू मिश्रा, एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे खीरी, अजय मिश्रा टेनी व रेखा वर्मा को जीतने की कही बात




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। शहर के विलोबी मैदान में पहुचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मौजूद हजारों की भीड़ ने उनको सुना।

रक्षा मंत्री ने कहा जैसे धरती से डायनासोर विलुप्त हुआ है, वैसे ही आने वाले समय मे कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएगी। दरअसल लोक सभा चुनाव को लेकर लखीमपुर में ताबड़तोड़ जनसभाएं की जा रहीं हैं। इसी क्रम में गुरुवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखीमपुर शहर के विलोबी मैदान में करीब साढ़े बारह बजे पहुंचे। विलोबी मैदान में भाजपा के पदाधिकारियों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में देश में कई बड़े आतंकवादी हमले हुए, लेकिन जबसे भाजपा की सरकार आई है। तबसे आतंकवादी हमले नहीं होते है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह से डायनासोर धरती से लुप्त हो चुका है वैसे ही कांग्रेस धरती से जल्दी ही लुप्त हो जाएगी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा है कि सपा बहुत जल्दी सफा हो जाएगी।

## दिव्यांग दलित विधवा महिला व उसके साथी रिश्तेदार को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर मारा

सीतापुरकैनविज टाइम्स संवाददाता।भाजपा सुशासन को ठेंगा दिखाते दबंगों को कानून को तक पर रख भरी बाजार दलित दिव्यांग विधवा महिला उसके साथी रिश्तेदार को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।शादी समारोह में रिश्तेदारी आए सरोज पुत्र विशंभर निवासी गोपालापुर सांडा थाना कोतवाली बिसवां व गुड्डी देवी पत्नी स्व मोहन लाल निवासी कोडरा थाना तंबौर सीतापुर निकट बाजार लालपुर लहरपुर आए थे जहां ऑटो चालक ने कहासुनी के चलते महिला व उसके रिश्तेदार को को मारा पीटा फिर अपने कुछ मनचले साथियों को बुलाकर लात घूसों से मारना प्रारम्भ कर दिया किसी तरीके से जान बचा वो एक घर मे घुस गए वहां भी घर से निकाल कर दोनों लोगों की जमकर पिटाई कर अभद्र गालियां देते हुए निकल गए,मारपीट में दिव्यांग महिला के साथ शराब पिए दबंगों ने अभद्रता की हदें पार कर दीं जिसमें महिला के कान का स्वर्णफूल कहीं गुम हो गया।

मौका पाकर अपने परिजनों व पुलिस को सूचना दी जहां पीड़ित महिला की तहरीर पर चिकित्सीय परीक्षण कर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मोईन अहमद जावेदी यूथ कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव घोषित



पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निवासी मोईन अहमद जावेदी को यूथ कांग्रेस कमेटी का जिला महासचिव घोषित किया गया है। जिसको लेकर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी किसान कांग्रेस बृज मौर्या, वरिष्ठ कांग्रेसी अमर गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष पलिया आबिद हुसैन उर्फ कमर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सचिन शाह, अल्पसंख्यक जिला महासचिव आदिल खान, गुड्डू अख्तर, पूर्व प्रधान ऐंठपुर रामचंद्रर, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी क्षेत्र पंचायत सदस्य राजन यादव, आसाराम, एडवोकेट रामू त्रिवेदी, रामज्ञान शर्मा, राजीव सिन्हा, इरशाद अली, आढ़ती रईस अहमद साबरी, मोहम्मद जाफर अली, अनीश, शाहिद अहमद साबरी, सिकंदर साबरी, रौनक अली, गुफरान अली, रिफ़ाकत अली व आढ़ती लईक खान आढ़ती सहित सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता ने जिला महासचिव यूथ कांग्रेस मोइन अहमद जावेदी को बधाई व शुभकामना दी।

## सामान्य प्रेक्षक धौरहरा श्रीधर चेरुकुरी पहुंचे खीरी

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। वह बुधवार शाम खीरी पहुंच गए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रातः 11 बजे से प्रातः 12 बजे तक एलआरपी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सभा कक्ष में आकर मुलाकात कर सकते है। वही मा. ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608133 पर निर्वाचन के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।

## डिजाइन की हुई रामायण पर ड्राइंग व क्राफ्ट की अभ्यास पुस्तिकाएं रामलला को समर्पित

अयोध्या कैनविज टाइम्स संवाददाता। पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद बने भव्य राम जन्मभूमि मंदिर का प्रभाव समाज पर परिलक्षित होने लगा है। इसके कारण हुए बदलाव का ही असर है कि एक नवोन्मेषी ने बच्चों के लिए ऐसी ड्राइंग और क्राफ्ट बुक तैयार की है, जो विद्यालयी शिक्षा प्रारंभ होते ही बच्चों को श्री राम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों से परिचित कराएगी।साईं प्रसाद बेकनालकर पांच वर्षीय बिराजमान राम लला को अपनी डिजाइन की हुई कलर बुक और क्राफ्ट बुक समर्पित करने कोल्हापुर, महाराष्ट्र से अयोध्या पहुंचे और राम लला का समर्पित किए।साईं प्रसाद बेकनालकर ने बताया कि रामायण की थीम पर दोनों अभ्यास पुस्तिकाएं तैयार की गई हैं। इसके माध्यम से बच्चा सृजन के साथ ही संस्कृति और संस्कार भी सीखेगा। श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों के चित्र में रंग भरने के साथ ही चार पंक्तियों में विवरण भी लिखना है जो बच्चे को राम चरित से जोड़ेगा।

## सपा के शहर पश्चिमी का चुनाव कार्यालय खुला

प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के शहर पश्चिमी विधानसभा का चुनाव कार्यालय आज मुंडेरा के पास खुल गया। जिसका उद्घाटन लोकसभा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने फीता काटकर किया।सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर ने बताया कि इस मौके पर अमरनाथ सिंह मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए एकजुटता के साथ घर-घर सम्पर्क कर अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील करने की सलाह दी। उन्होंने एनडीए सरकार पर तानाशाही करने, संविधान के साथ छेड़छाड़ करने, लोकतान्त्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए देश मे बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी के प्रति भी दोषी ठहराया।

## सपा प्रत्याशी से ज्यादा उनकी पत्नी अमीर, सोने-चांदी की शौकीन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। धौरहरा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया से ज्यादा उनकी पत्नी अमीर हैं। वह सोने-चांदी के आभूषण पहनने की भी शौकीन हैं। नामांकनपत्र में लगाए शपथपत्र में आनंद सिंह ने अपने पास सोना 195 ग्राम और पत्नी के पास 1093 ग्राम, 1.800 चांदी दिखाई है। इस सीट पर संपत्ति के मामले में आनंद सिंह भदौरिया नंबर एक पर हैं। उनके पास करीब एक करोड़ 25 लाख तो पत्नी के नाम पर साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।

शपथपत्र के अनुसार आनंद सिंह भदौरिया ने अपने पास 83 हजार और पत्नी के पास 37 हजार की नकदी दिखाई। आनंद सिंह ने 90 हजार कीमत की घड़ी राडो और 90 हजार की रायफल का भी जिक्र किया है। बैंकों में एफडी समेत अन्य जमा-पूंजी को मिलाकर 60 लाख 27 हजार 118 रुपये की चल संपत्ति और पत्नी के नाम पर 1 करोड़ 38 लाख 19 हजार 290 रुपये की संपत्ति दिखाई है।इसके साथ आनंद सिंह भदौरिया ने अपनी 65 लाख 80 हजार और पत्नी के पास सात करोड़ 27 लाख 74 हजार रुपये की अचल संपत्ति दिखाई है। आनंद सिंह ने पेंशन, बैंक से ब्याज के जरिये आय दिखाई है। उनकी पत्नी प्रोफ़ेसर हैं।

## सकरन में पंचायत चुनाव 2021 के पूर्व, प्रशासक ने कर दिए थे लाखों के भुगतान,धरातल पर ढूंढे नहीं मिल रहे काम

### पंचायत वित्त के साथ मनरेगा में भी फर्जी काम व फर्जी मजदूरों के जरिए हुई थी खूब लूट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सकरन(सीतापुर)। पंचायती चुनाव 2021 के दौरान एडीओ आईएसबी को प्रशासक नियुक्त किया गया था जिन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में बगैर काम व सत्यापन के लाखों रुपयों को निकाल कर खाता खाली कर दिया,जिसकी आजतक न कोई जांच हुई और न ही पड़ताल।वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत सामान्य चुनाव के दौरान ग्राम पंचायतों में एडीओ आइएसबी को प्रशासक बना दिया गया था जिन्हें रूटीन का कार्य करने का निर्देश दिया गया था लेकिन लाखों रुपयों पर गिद्ध नजर गड़ाए बैठे जिम्मेदारों ने आनन फानन में प्रशासक व पंचयत सचिवों ने विभिन्न क्यों का सत्यापन कराए बगैर ग्राम पंचायतों से लाखों रुपयों का भुगतान कर दिया।

यही नहीं पंचायत चुनाव 2021 के पूर्व ,प्रशासकीय कार्यकाल के दरम्यान मनरेगा कामों में भी खूब लूट की गई,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उस दौरान फर्जी मनरेगा मजदूरों की बाढ़ आ गई जिनका आज तक कोई अता पता ही नहीं है।

घोटाले का वो नंगा नाच मनरेगा में इस तरह नाचा गया कि मनरेगा मजदूरों को यह भी नहीं पता कि वो रजिस्टर पर मजदूर हैं और उनके खाते से पैसा निकल रहा है।लाखों रुपये की लूट वो भी खाते पर ओटीपी के माध्यम से निकाले गए,जिनके नाम से सैकड़ों की संख्या में सिम कार्ड के जरिए पोस्ट आफिस इत्यादि में खाते खुलवाकर बगैर मजदूर के जाने लाखों की लूट को अंजाम दिया गया।

प्रशासकीय कालीन लाखों रुपयों लूट जोकि विकास वित्त व मनरेगा में की गई फिर जमीनी हकीकत कुछ और है बगैर सत्यापन के निकाले गए लाखों रुपयों के लूट का जिन्न किस चिराग में है बन्द।समय रहते उक्त लूट का यदि नहीं होता पर्दाफाश तो आगे चिराग को मिल सकती रगड़न।

## सौरमऊ में लाखों रुपए कीमत की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख

सुल्तानपुर। तहसील सदर क्षेत्र के मोहल्ला सौरमऊ नगर स्थित बृजेश शुक्ला पप्पू के गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते लगभग दस बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मोहल्ले वासियों के फायर ब्रिगेड को बार बार सूचना देने के बाद भी कोई सहायता नही मिली। मोहल्ले वाले आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पुराने ऊषा टावर के पीछे किसी ने साजिश के तहत आग लगा दिया था, जो हवा के साथ फैलते हुए सौरमऊ निवासी बृजेश शुक्ला पप्पू के गेहूं के खेत तक पहुंच गई, देखते ही देखते लगभग दस बीघे गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। जिससे लाखों रुपए मूल्य का गेंहू जलकर राख हो गया। ज्ञात हो कि बीते वर्षों में मोहल्ले का ही एक अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति ने राम प्रसाद मिश्र के गेंहू की तैयार फसल में उस समय आग लगा दिया था जब उसी फसल की मड़ाई के लिए उन्होंने थ्रेसर बुलवाया हुआ था।

## हिंदू युवा वाहिनी के नेता ने समर्थको संग थामा कांग्रेस का दामन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। हिंदू युवा वाहिनी के लंभुआ तहसील प्रभारी आशीष कुमार पाठक ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। दरअसल आशीष कुमार पाठक अपने दर्जनो समर्थकों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने उन्हें सदस्यता रसीद देकर और फटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। ज्ञात हो कि आशीष कुमार पाठक जनपद के भदैंया विकासखंड के ग्राम पंचायत कुछमुछ माधवपुर गांव के स्थाई निवासी हैं जो बीते कई वर्षों से हिंदू युवा वाहिनी के लंभुआ तहसील प्रभारी पद की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे थे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आशीष कुमार पाठक गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आशीष कुमार पाठक व अश्वनी कुमार पाण्डे (एडवोकेट) कंाग्रेस पार्टी के वफादार सिपाही बनकर कार्य करेंगे और जननेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूती देते हुए कॉग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे, वहीं उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए और कांग्रेस के घोषणा पत्र से प्रभावित होकर देश में हर तबके के लोग कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद आशीष कुमार पाठक ने कहा कि कांग्रेस सर्व समाज की पार्टी है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देश की जमीनी हकीकत से रूबरू हो चुके हैं उनके कार्य करने की शैली से पूरे देश में उनकी लोकप्रियता अत्यधिक है। देश की जनता से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना हैं और उसी सब समस्याओं का हल कॉग्रेस का घोषणापत्र है,राहुल गांधी की कार्य शैली से प्रभावित होकर आज हमने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर सिंह, हौसिला भीम, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शुक्ला,नफीस फारूकी, जमीदार यादव, आवेश अहमद, पवन मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, पंडित रामनाथ त्रिपाठी, शीतल साहू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मोदी सरकार गरीबों को हैं समर्पित : सांसद मेनका

### 3800 करोड़ से सुलतानपुर को किया चमकाने का काम : सांसद मेनका


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 21वें दिन सदर जयसिंहपुर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर वोट व समर्थन मांगा। उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में अपना रिपोर्ट कार्ड देते हुए बताया कि पिछले पांच सालों में उन्होंने 3800 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से सुलतानपुर को चमकाने का काम किया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज से लेकर नवोदय विद्यालय,कृषि विज्ञान केन्द्र, पालिटेक्निक स्कूल,हर गांव में पानी टंकी का निर्माण,हर घर नल से जल योजना,700 नये ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों कों बदलना,गरीबों को आवास, सड़कों का जाल विछाना व पुलों का निर्माण समेत कामों की लम्बी फ़ेहरिस्त गिनाई।उन्होंने कहा घबराओं मत जीतने के बाद गरीबों के लिए 1 लाख आवास और लाएंगे।हर पात्र गरीब को मकान मिलेगा।शौचालय,विद्युत कनेक्शन, गैस कनेक्शन,आयुष्मान कार्ड व अन्य सुविधाएं भी होंगी। मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार हैं। उन्होंने कहा पिछले पांच वर्षों में हर पन्द्रह दिन में एक सौगात लेकर आई।हम विकास व सुशासन के मुद्दे पर वोट मांग रहें हैं। जाति- कौम पर वोट करने से आपका भविष्य खराब होगा।आप अपने उज्जवल भविष्य के लिए कमल निशान पर वोट दें।श्रीमती गांधी ने बताया कि महाराष्ट्र के रायगढ़ के मछुआरों ने छूटने के बाद फोन किया कि हम तों छूट गए पर हमारी नांव और लाइसेंस जब्त कर लिए गए हैं।मैंने वहां के कमिश्नर से बात की और छोड़ने के लिए कहा। कमिश्नर का आज फोन आया बताया की नांव और लाइसेंस भी बहाल कर दिए गए हैं।उन्होंने कहा जो भी मुसीबत में होता है हम बिना कुछ पूछे सबकी मदद करते हैं। मेरे पास इस तरह की पचासों मुसीबतों से छुटकारा दिलाने के उदाहरण है। जिसमें हमने मदद की है। विभिन्न सभाओं में विधायक राज प्रसाद उपाध्याय,ब्लाक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू ने संबोधित करते हुए सांसद के कार्यशैली की सराहना की।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने बुधवार को सदर विधानसभा के जोगीवीर,देवदासपुर, अरवल कीरी करवत, ममरखा,भीखूपुर, इसूर, श्रीराम नगर,विनवन, खड.सडा,राईबीगो, नानेमऊ,बहाउद्दीनपुर,बरूई,मिश्रौली एवं शहर के सुदर्शन पार्क समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा सांसद श्रीमती गांधी ने खड़सडा जाकर पवन मिश्रा की पुत्री एवं बौरही मोतिगरपुर में हौसला प्रसाद निषाद की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को आशीर्वाद दिया।वही ईश्वर में कंगाल प्रसाद के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। वही बौरही गांव में लाल बहादुर निषाद के घर आग लग जाने की सूचना मिलने पर पहुंचकर उनको हर संभव मदद का भरोसा दिया।इस दौरान सांसद श्रीमती गांधी ने आल्हा सम्राट फौजदार से भी मुलाकात की।आज विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिकेश ओझा,शशीकांत पाण्डे, नन्दन चतुर्वेदी,ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू,राहुल शुक्ला,चन्दर प्रताप सिंह, विवेक सिंह,नरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे, अखिलेश प्रताप सिंह, शोभनाथ? यादव व हरिशंकर वर्मा, प्रदीप सिंह हालापुर, काली सहाय पाठक, निर्भय सिंह,बाबी सिंह,अरविंद वर्मा,नितीश अग्रहरि, रामसेवक विश्वकर्मा प्रधान, राजकुमार गुप्ता प्रधान, मनोज सिंह प्रधान, राधेश्याम वर्मा प्रधान लोकेपुर सुरेश कसौधन प्रधान कुरेभार, ओमप्रकाश कोरी प्रधान निदुरा, पिंटू कोरी प्रधान सैदखानपुर, राम भवन मौर्य, राम सजीवन वर्मा,राम अजोर गौतम,अभिषेक सिंह,गौरव मौर्य राजमणि मौर्य,प्रशांत श्रीवास्तव , शिवम गुप्ता बूथ,बद्री प्रसाद निषाद, श्याम लाल वर्मा प्रधान देवनारायण प्रजापति, रामदेव निषाद, बृजेश निषाद, रतनेश तिवारी, सूबेदार यादव प्रधान, वकील खां, सरीफुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## 10 साल में पांच गुना बढ़ गई रेखा वर्मा की संपत्ति, लोन भी 60 लाख चुकाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। धौरहरा लोकसभा सीट से दो बार की सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा की चल-अचल संपत्ति 10 साल में पांच गुना बढ़ गई है। 2014 के चुनाव में रेखा अरुण वर्मा ने नामांकनपत्र के साथ लगाए शपथपत्र में 1.04 करोड़ से अधिक संपत्ति और 23.75 लाख की देनदारी दिखाई थी। बुधवार को उन्होंने जो शपथपत्र दाखिल किया है, उसके अनुसार वर्तमान में उनके पास छह करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति है। पांच साल में उन्होंने 60 लाख रुपये लोन भी चुकाया है। हालांकि इस बार भी उन्होंने 10. 53 लाख की देनदारी दिखाई है।

शपथपत्र के ब्योरे के अनुसार रेखा अरुण वर्मा के पास एक लाख 75 हजार 800 रुपये की नकदी है। सोना 550 ग्राम और 900 ग्राम चांदी है। बैंकों में एफडी समेत अन्य जमा पूंजी मिलाकर 1 करोड़ 93 लाख 21 हजार 485 रुपये की चल संपत्ति है। जबकि 4 करोड़ 7 लाख 59 हजार 795 रुपये की अचल संपत्ति दिखाई है।

उन्होंने 10 लाख 53 हजार 617 रुपये की देनदारी भी होना बताया है। इससे पहले 2019 के चुनाव में उन्होंने 2.47 करोड़ से अधिक संपत्ति और 70.95 लाख से अधिक देनदारी भी दिखाई थी। जबकि 2014 के चुनाव में रेखा वर्मा ने अपने पास 1.04 करोड़ से अधिक संपत्ति और 23.75 लाख की देनदारी शपथ पत्र में दिखाई थी। उन्होंने वेतन, कृषि से आय होना दिखाया है।

## नाली के विवाद में पट्टीदारों ने महिला पर चाकू से किया हमला

सुल्तानपुर। नाली के विवाद में पट्टीदारों ने घर में अकेले रह रही वृद्ध महिला को जमकर पीटा। यही नहीं पीड़िता ने ज्वलनशील पदार्थ खुद पर डालने का आरोप लगाया। पीड़िता न्याय मांगने थाने पहुंची तो उसे भगा दिया गया। अंत में उसे न्याय मांगने एसपी ऑफिस आना पड़ा तब कही जाकर उच्च अधिकारी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज हो सका है। मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र के छापर गांव का है। गांव निवासी वृद्ध महिला राजकुमारी पत्नी कृष्ण कुमार का आरोप है कि उसका पट्टीदारों से नाली को लेकर विवाद चल रहा है। जिसको लेकर कई बार थाना चांदा में उसने शिकायत भी किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को पट्टीदार अनिल कुमार, सुनील कुमार, सुशील कुमार, दुर्गेश, विकास, मिथलेश, पियारी और नेहा एक राय होकर पहुंचे। सभी नाली खोदने लगे। राजकुमारी ने अपनी जमीन पर इन सबको नाली खोदने से रोका तो आरोप है कि चाकू, लाठी-डंडे और लात घूंसों से इन सबने उसे पीट डाला। महिला का कहना है कि उसके पति आदि रोजी-रोटी के चक्कर में बाहर रहते हैं। हम अकेले घर पर थे तो जान बचाकर भागे। लेकिन दबंग पट्टीदार घर के अंदर घुस आए और जमीन पर पटककर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जान से मार डालने का प्रयास किया।

# कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी : मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। आंवला के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार शाम को शाहजहांपुर पहुंचे। उन्होंने यहां बरेली मोड़ स्थित मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जहां अपनी सरकार के कामों को गिनाया तो वहीं सपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर तंज कसे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। शाहजहांपुर के शहीदों को नमन किया। कहा कि मैं क्रांतिकारियों की जननी शाहजहांपुर की धरती को नमन करता हूं। 24 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है। यह मोदी की गारंटी से भी ज्यादा गारंटी है। इस बार आपको अपने वोट देशविरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश देना है। आपका वोट ही आतंकवाद को काबू में रखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जहां सामान्य सड़कें नहीं थीं। आज वहां एक्सप्रेसवे गुजर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे की नींव भी शाहजहांपुर में रखी गई थी। इस विकास ने लखनऊ और दिल्ली की दूरी कम की है। यह क्षेत्र डिफेंस कॉरिडोर से भी जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गन्ना किसान का भुगतान समय पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है। इनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं? हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है। कहा कि हमने चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लखनऊ-कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति-भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा वालों ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं थीं। कांग्रेस वाले राम मंदिर बनने से रोक रहे थे। मंदिर निर्माण को रोकने के लिए सपा कांग्रेस ने कई पाप किया। इनके पाप माफ करके मंदिर के ट्रस्टी ने घर जाकर निमंत्रण दिया। राम मंदिर का निमंत्रण मिलना सात जन्मों के पुण्य है। इन्होंने इसे भी ठुकरा दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। कर्नाटक मॉडल यह है कि ओबीसी को जो 27 प्रतिशत कोटा मिला हुआ है, उसी में से मुस्लिमों की जातियों को दे दिया गया है। कर्नाटक के सभी मुसलमानों को एक कागज पर ठप्पा मारकर उन सबको ओबीसी बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा मॉडल आपको मंजूर है?

# रेलवे सुरक्षा बल ने नाबालिग बच्चों को चाइल्ड वेलफ़ेयर कमेटी को सौंपा

एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के कानपुर स्टेशन पर बीते कल यानी बुधवार को अपने घर से भागे एक बालक व एक बालिका को पकड़ा गया। इसके साथ ही 14 बच्चे मदरसा में पढ़ने जा रहे थे, जिनके साथ कोई वयस्क न होने पर सभी बच्चों को चाइल्ड वेलफ़ेयर कमेटी को सौंप दिया गया। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 347 बच्चों को रेलगाड़ियों, रेलवे परिक्षेत्र से रेस्क्यू कर उनके परिजनों, एनजीओ व चाइल्ड वेलफ़ेयर कमेटी के सुपुर्द किया गया। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि कल यानि 24 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल कानपुर के उपनिरीक्षक, अमित कुमार द्विवेदी द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर अपनी टीम के साथ मानव बाल तस्करी के विरुद्ध चलाये गए चेकिंग अभियान में प्लेटफार्म एक पर एक किशोर बालक (13) एवं एक किशोरी बालिका (14) दिखायी दिये। मेरी सहेली बूथ की महिला कांस्टेबल अंजना पटेल द्वारा पूछताछ पर लड़के ने अपना नाम रुद्र प्रताप पुत्र गोपाल सिंह, निवासी रामबाग कॉलोनी, सिविल लाइन, पीलीभीत और बालिका ने अपना नाम नूर फातिमा पुत्री स्वर्गीय असी अली निवासी रोनी, जिला कन्नौज बताया। दोनों बच्चे अपने-अपने घर से भाग आए थे। रेलवे सुरक्ष बल ने दोनों बच्चों को अपने अपने परिवारों से मिलाने के लिए कानपुर चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। 24 अप्रैल को ही रेलवे सुरक्षा बल कानपुर के उपनिरीक्षक अमित कुमार द्विवेदी द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चलाये गए चेकिंग अभियान में 14 बच्चे कानपुर सेंट्रल स्टेशन परिसर में बैठे हुए मिले। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वह सभी घाटमपुर के मदरसे में पढ़ाई करने जा रहे हैं। इस बारे में बच्चों से मदरसे की आईडी एवं उनके परिजनों का सहमति पत्र जैसा कोई भी दस्तावेज नहीं पाया गया एवं बच्चों के साथ कोई वयस्क मौके पर मौजूद नहीं था। रेलवे सुरक्षा बल कानपुर ने सभी बच्चों को चाइल्ड लाइन कानपुर के सुपुर्द कर दिया। पीआरओ ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल आपरेशन नन्हें फरिश्ते, सतर्क, नारकोस, मातृशक्ति, लाइफ सेविंग, उपलब्ध, अनधिकृत वेंडर, संरक्षा, मेरी सहेली एवं आपरेशन नन्हें फरिश्ते जैसे अनेकों मिशन के माध्यम से यात्रियों की मदद में सदैव संलग्न रहते है। रेलवे सुरक्षा बल का उद्देश्य रहता है किसी भी समय किसी भी परिस्थिति में यात्रियों को सहायता प्रदान कर सके।

# मदरसों में छात्रवृत्ति घपले के आरोपी बाबू के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक

एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ में छात्रवृत्ति वितरण को लेकर 13 साल पहले हुए घोटाले में आरोपी वरिष्ठ सहायक संजय त्यागी को बड़ी राहत दी है। इनके विरुद्ध अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार व अल्पसंख्यक विभाग से जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने दिया है। मामला मेरठ जिले का है। वर्ष 2010-11 में सरकार द्वारा मदरसों के प्रबंधकों के खाते में छात्रवृत्ति के चार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके वितरण में पाई गई अनियमिताओं के कारण तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती सुमन गौतम और कार्यालय के लिपिक संजय त्यागी समेत कई मदरसा संचालकों के खिलाफ 98 मुकदमे मेरठ जिले में दर्ज किए गए थे। मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन मेरठ को सौंपी गई। कहा कि दो बार विभागीय जांच और विजिलेंस जांच में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की जांच में स्वयं माना गया है कि शासकीय धन के गबन का आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया एवं ई.ओ.डब्ल्यू द्वारा भारत सरकार की किसी भी गाइडलाइन और नियमावली का उल्लेख नहीं किया गया है। जबकि 2014 में शासनादेश आया कि छात्रवृत्ति बच्चों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इसके बावजूद जिला विकास अधिकारी व कमिश्नर मेरठ ने याची के विरुद्ध अभियोजन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दिया था। जिस पर याची के हाइकोर्ट में याचिका दाखिल किए जाने पर कोर्ट ने अभियोजन स्वीकृति पर रोक लगा दिया था। इसके बावजूद याची के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कर दिया गया। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 2 जुलाई नियत की है।

# फतेहपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए दिए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर । लोकसभा सामान्य निर्वाचनऽ2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय में प्रथम प्रशिक्षण पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण कक्षों पर जाकर प्रभारी अधिकारी(कार्मिक)/मुख्य विकास अधिकारी श्री पवन कुमार मीना ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों कहा कि ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट के परिचालन, माकपोल, मतदान प्रक्रिया आदि को भलीभांति समझ ले एवं भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का अध्ययन अवश्य कर ले ताकि मतदान अच्छे से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सामग्री प्राप्त करने के पश्चात निम्नलिखित कार्य करेगें- कन्ट्रोल यूनिट को चेक करें- एड्रेस टैग पर उसी पोलिंग बूथ का नाम है जहाँ आपको मतदान कराने जाना है। सी0यू0 ऑन करके बैटरी स्टेटस को देख लें। ? निर्वाचन लड़ रहे कण्डीडेट की संख्या को देख लें। ? समय और दिनांक को देख लें। ? सी0यू0 पिंक पेपर सील से सील्ड है, इसे देख लें। उन्होंने कहा कि मशीनो को इसी जगह रखे जहा धूप न हो। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नों का उत्तर सही से दे तभी प्रशिक्षण सार्थक होगा। उन्होनें कहा कि पार्टी रवानगी को ध्यान में रखते हुए समय से आए ताकि आपकी रवानगी समय से हो सके। निर्वाचन ड्यूटी का मानदेय बैंक खाते के माध्यम से दिया जायेगा। यदि आपके बूथ पर काफी भीड़ है तो 05 बजे के पहले लाइन में खड़े मतदाताओं को पर्ची देंगे के आधार पर मतदान कराएंगे, भीड़ की सूचना अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट को अवश्य दे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियो का प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ । इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री शेषमणि सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवपूजन द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री पंकज यादव, जिला पंचायत राजप अधिकारी श्री उपेन्द्र राज सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री प्रसून राय, जिला सूचना अधिकारी श्री आर0एस0 वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने बीएसए गोरखपुर पर लगाया दस हजार रूपये का हर्ज़ाना

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर पर 10 हजार रूपए का हर्ज़ाना लगाया है। कोर्ट ने यह हर्ज़ाना उनके द्वारा आधा अधूरा हलफनामा दाखिल करने और सवाल उठने पर वापस लेकर बेहतर हलफनामा दाखिल करने का समय मांगने पर लगाया है। कोर्ट में हाजिर बेसिक शिक्षा अधिकारी को दुबारा 30 अप्रैल को हाजिर रहने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने कुमारी मीना देवी की याचिका पर दिया है। कोर्ट के निर्देश पर अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता आशीष कुमार नागवंशी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी की हाजिरी माफी सहित उनका हलफनामा दाखिल किया। कहा संबद्ध मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। इसलिए इस केस में अलग से हलफनामा नहीं दिया जा रहा है। जब कोर्ट ने हलफनामा देखा तो पता चला कि संबद्ध याचिका का न तो नंबर दिया गया है और न ही कब दाखिल हुआ, वही बताया गया है। इस पर सरकारी अधिवक्ता ने तीन दिन में बेहतर हलफनामा दाखिल करने के लिए दाखिल हलफनामा वापस लेने की प्रार्थना की। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने बेसिक शिक्षा अधिकारी पर 10 हजार रूपए हर्ज़ाना लगाया और महानिबंधक के कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया है।

# एटीवीएम से जारी टिकट में लगभग 166 करोड़ रुपये का राजस्व

एजेंसी

**1.69 करोड़ से अधिक यात्रियों ने एटीवीएम से लिया अनारक्षित टिकट**

**एटीवीएम पर स्मार्ट कार्ड से टिकट लेने पर तीन प्रतिशत की छूट**

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 1.7 करोड़ यात्रियों ने एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेकर यात्रा की। एटीवीएम के माध्यम से वितरित टिकट से लगभग 166 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की हिस्सेदारी बढ़कर 35 फीसदी से अधिक हो गयी है। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि भारतीय रेल में रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर, जेटीबीएस, एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप के माध्यम से यात्रियों को टिकट लेने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। काउंटरों पर यात्रियों को लाइन लगाए बिना टिकट उपलब्ध कराने के माध्यमों में एटीवीएम और यूटीएस ऐप एक सरल और आसान विकल्प के तौर पर लोकप्रिय हो रहा है। एटीवीएम से रेलवे टिकट फैसिलिटेटर द्वारा स्वतः रेलवे द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड-क्यूआर कोड से भुगतान करके ले सकते हैं। एटीवीएम पर स्मार्ट कार्ड के माध्यम से रेलवे टिकट लेने पर यात्री को 3 प्रतिशत की छूट भी मिलती है। पीआरओ ने बताया कि स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की शुरुआत 2007 में की गयी थी। एटीवीएम टच स्क्रीन आधारित टिकटिंग कियोस्क हैं जो स्मार्ट कार्ड का उपयोग करके संचालित होते हैं। एटीवीएम से द्वितीय श्रेणी के टिकट और प्लेटफार्म टिकट जारी किए जाते हैं। इससे सीजन टिकट जारी नहीं किए जाते, लेकिन नवीनीकरण कराया जा सकता है। प्रयागराज मण्डल में वर्तमान समय में 33 स्टेशनों पर 83 एटीवीएम कार्यरत है एवं 27 नए एटीवीएम स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। प्रयागराज मण्डल में प्रयागराज जंक्शन पर 14 एवं कानपुर सेंट्रल पर 7, प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 6 एटीवीएम, अलीगढ़ स्टेशन पर 4 एटीवीएम, टूंडला जंक्शन पर 3, इटावा स्टेशन पर 3 एटीवीएम सहित अन्य स्टेशनों पर एटीवीएम स्थापित किये गए हैं। प्रयागराज मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 एटीवीएम टिकट से कानपुर सेंट्रल पर 44 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व एवं प्रयागराज जंक्शन पर 42 करोड़ रुपये से अधिक, इटावा स्टेशन पर 13 करोड़ रुपये से अधिक, प्रयागराज छिवकी पर 11 करोड़ रुपये से अधिक, अलीगढ़ जंक्शन पर 11 करोड़ रुपये से अधिक टूंडला जंक्शन पर 6 करोड़ रुपये से अधिक, शिकोहाबाद स्टेशन पर 2 करोड़ रुपये से अधिक, फ़िरोज़ाबाद स्टेशन पर 2 करोड़ रुपये से अधिक, खुर्ज़ा जंक्शन पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है।

# बीएचयू में वेंटीलेटर के सही प्रयोग के बारे में विशेषज्ञ व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण देंगे

एजेंसी

वाराणसी। चिकित्सा विज्ञान संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के निःसंज्ञा तथा गहन चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में परिसर स्थित के एन उडुप्पा सभागार में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार से किया जाएगा। कार्यशाला में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के उपचार में प्रयोग आने वाले वेंटीलेटर के सही प्रयोग के बारे में विशेषज्ञ व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षण देंगे। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क कार्यालय के मीडिया कॉन्फ्रेन्स हॉल में ये जानकारी कार्यशाला के आयोजक और विभागाध्यक्ष प्रो. राम बदन सिंह, आयोजन सचिव डॉ. विक्रम गुप्ता ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 130 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है जिन्हें प्रथम दिवस वेंटीलेटर के प्रारंभिक उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे दिन विशेष रूप से बीमार मरीजों में वेंटीलेटर के इस्तेमाल के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# डीएम ने मतदाता जागरूकता चलाया अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




फतेहपुर। मतदान को बनाओ अपना धर्म,क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व'' इस भाव से कि फतेहपुर का कोई भी नागरिक वोट से न छूटे स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती जी के मार्गदर्शनानुसार स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सदाशिव इंटर कॉलेज देवीगंज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के तहत विद्यालय में डॉ अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं सभी नागरिकों,वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया तथा सिविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी।साथ ही इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय में चिकनपॉक्स बचाव अभियान भी चलाया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय के 268 बच्चों थको चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।डॉ अनुराग द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।ततपश्चात बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली देवीगंज क्षेत्र में निकाली।रैली में सभी बच्चे''पहले मतदान फिर जलपान'' व ''सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'' के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवराम,अध्यापक रामगोपाल सिंह,संतोष कुमार सिंह,राकेश कुमार,गजेंद्र सिंह,अर्पित शर्मा, सुभाष चन्द्र,रामदास,निर्भय सिंह,अभिषेक शुक्ला,डॉ शुभेंदु कुमार,श्रीमती प्रतिमा,श्याम बाबू, दिनेश कुमार,आदित्य कुमार द्विवेदी सहित प्रमुख सहयोगी संजय श्रीवास्तव सलाहकार इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व आजीवन सदस्य के के सिंह,राजा सिंह उपस्थित रहे।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: **01015 दादर** से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और **01016 गोरखपुर** से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: **01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)** से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और **01428 गोरखपुर** से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

चलने के दिन: **01411 पूणे** से 27.04.2024 को और **01412 गोरखपुर** से 28.04.2024 को |; स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन: **02250 दिल्ली जं.** से 27.04.2024 को और **02249 पटना जं.** से 28.04.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता. एकोनॉमी; ठहराव: कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस** — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

चलने के दिन: **09478 पटना जं.** से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; ठहराव: आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

**08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

चलने के दिन: **08481 पुरी** से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और **08482 आनन्द विहार(टर्मि.)** से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

**04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस** — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

चलने के दिन: **04672 जम्मू तवी** से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.; ठहराव: पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

**04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस** — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

चलने के दिन: **04221 वाराणसी** से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.,
ठहराव: भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1246/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कई सीटों पर भी दबदबा,क्या कैसरगंज में साइडलाइन कर पाएगी बीजेपी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उत्तर प्रदेश की 80 में से 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है पार्टी ने सूबे में अपने कोटे की 75 में से 73 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है लेकिन दो सीटों पर अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिन दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान बाकी है, उनके लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है एक सीट रायबरेली की है तो दूसरी है कैसरगंज. कैसरगंज से बीजेपी के ही बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं. छह बार के सांसद बृजभूषण इस बार कैसरगंज से जीत का चौका लगाने का दावा कर रहे हैं लेकिन पार्टी उन्हें टिकट देगी भी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस है।चर्चा तो यहां तक है कि बीजेपी बृजभूषण पर नरमी बरतने के मूड में नहीं है और उनका टिकट काट सकती है इन सबके बीच बृजभूषण का बयान आया है बृजभूषण शरण सिंह ने कहा है, ''पार्टी नेतृत्व को पता है कि इस सीट पर बीजेपी मजबूत है।अगर वह एक दिन पहले भी बीजेपी उम्मीदवार का ऐलान करती है,तो भी पार्टी को इस सीट से जीत मिलेगी. टिकट के लिए मैं भी एक दावेदार हूं लेकिन अंतिम फैसला पार्टी को लेना है।पार्टी तय करेगी कि प्रत्याशी कौन होगा.''

## बृजभूषण हुए नरम या दिखा रहे तेवर ?

बृजभूषण के इस बयान के सियासी मायने भी निकाले जाने लगे हैं. बृजभूषण के इस एक बयान में सियासत के जानकारों को नेतृत्व के लिए तेवर भी दिख रहा है और नरमी भी. बृजभूषण का यह कहना कि नेतृत्व को पता है कि यहां पार्टी मजबूत है और एक दिन पहले भी उम्मीदवार का ऐलान किया तो पार्टी जीतेगी,अपने दमदार होने का संदेश देने की कोशिश की तरह देखा जा रहा है. बृजभूषण ने नेतृत्व को संदेश दिया तो साथ ही रुख में नरमी भी दिखाई. उन्होंने यह कहकर गेंद नेतृत्व के पाले में डाल दी कि अंतिम फैसला पार्टी को लेना है,पार्टी ही प्रत्याशी तय करेगी कैसरगंज लोकसभा सीट से उख्ब ने अभी तक नहीं उतारा कैंडिडेट, बृजभूषण सिंह ने मीडिया को बताया देरी का जिम्मेदार छह बार के सांसद बृजभूषण का यह बयान देखने में भले नरम लग रहा हो, नरम है नहीं वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर श्रीराम त्रिपाठी ने कहा कि बृजभूषण ऐसे नेताओं में से नहीं हैं जो पार्टी का हर फैसला स्वीकार कर लें जब फैसला अपने मुताबिक न हो तो वह तेवर दिखाने वाले नेता हैं और यह तेवर इस बयान में भी दिख रहा है बृजभूषण ने यह जरूर कहा है कि अंतिम फैसला पार्टी को लेना है लेकिन यह नहीं कहा है कि पार्टी का जो फैसला होगा वह उन्हें मंजूर होगा. बीजेपी के नेता भी इसके मायने समझते होंगे।

## क्यों आसान नहीं बृजभूषण को साइडलाइन करना ?

चर्चा इस बात की भी है कि बीजेपी की ओर से बृजभूषण की जगह उनकी पत्नी या बेटे को कैसरगंज सीट से उतारने का प्रस्ताव दिया गया है लेकिन डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख इसके लिए तैयार नहीं हैं. वह अपने लिए टिकट मांग रहे हैं. इस तरह की चर्चा में सच्चाई है या महज गॉशिप, यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन बृजभूषण की प्रचार रणनीति को भी इसी तरफ इशारा माना जा रहा है कि वह अपने कदम पीछे लेने के मूड में नहीं हैं. बृजभूषण की गिनती पूर्वांचल के मजबूत राजपूत नेताओं में होती है जिनकी अपने सजातीय वोटबैंक पर मजबूत पकड़ है. यूपी की सियासत में इन दिनों राजपूत वोटर्स की बीजेपी से नाराजगी के भी चर्चे हैं. ऐसे में कहा जा रहा है बीजेपी के लिए बृजभूषण जैसे कद्दावर राजपूत नेता को साइडलाइन करना आसान नहीं होगा।बृजभूषण के पक्ष में उनका चुनावी रिकॉर्ड भी जा सकता है. कभी सपा का गढ़ रही कैसरगंज सीट से बृजभूषण 2009 में पहली बार साइकिल के सिंबल पर ही चुनाव मैदान में उतरे थे और जीते थे. 2014 चुनाव से पहले बृजभूषण बीजेपी में शामिल हो गए. 2009 से 2019 तक, लगातार तीन बार के सांसद बृजभूषण की जीत का अंतर हर चुनाव में बढ़ा है. 2009 में सपा के टिकट पर उतरे बृजभूषण को 5 लाख 65 हजार 673 वोट मिले थे. बृजभूषण ने बसपा के सुरेंद्र नाथ अवस्थी उर्फ पुत्तू भैया को 72 हजार 199 वोट से हराया था. इसके बाद बृजभूषण को मिले वोट कम-अधिक होते रहे लेकिन उनकी जीत का अंतर हर चुनाव में बढ़ता ही चला गया.

## 'मैं भी एक दावेदार लेकिन...', कैसरगंज से उम्मीदवारी को लेकर क्या बोले बृजभूषण शरण सिंह

साल 2014 में बृजभूषण बीजेपी के टिकट पर कैसरगंज से उतरे. बृजभूषण को 3 लाख 81 हजार 500 वोट मिले थे लेकिन उनकी जीत का अंतर 78 हजार से अधिक वोटों का रहा था. बृजभूषण के निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित को 3 लाख 3 हजार 282 वोट मिले थे. 2019 में बृजभूषण को 5 लाख 81 हजार 358 वोट मिले थे और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सपा-बसपा गठबंधन के उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव को 3 लाख 19 हजार 757 वोट. बृजभूषण ने 2019 के चुनाव में 2 लाख 61 हजार 601 वोट के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी.

## आसपास की सीटों पर भी असरदार हैं बृजभूषण

बृजभूषण के टिकट पर सस्पेंस के पीछे हर चुनाव में जीत का बढ़ता अंतर तो है ही, एक वजह उनका कैसरगंज सीट के बाहर प्रभाव भी है. बृजभूषण कैसरगंज के पहले गोंडा और बलरामपुर लोकसभा सीट से भी सांसद रह चुके हैं. उनका अयोध्या, गोंडा, श्रावस्ती में भी अच्छा प्रभाव है. पूर्वांचल के राजपूत वोटर्स पर भी बृजभूषण का अच्छा होल्ड माना जाता है।

## कैसरगंज का गणित और जातीय समीकरण

कैसरगंज लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें तीन गोंडा और दो सीटें बहराइच जिले की हैं गोंडा जिले का जो हिस्सा इस लोकसभा क्षेत्र में आता है, वह ब्राह्मण बाहुल्य है वहीं, बहराइच के इलाके में राजपूत मतदाताओं की बहुलता है ब्राह्मण बीजेपी के कोर वोटर माने जाते हैं जबकि राजपूत वोटर्स बृजभूषण के. ओबीसी वोटर्स के बीच भी बृजभूषण का अपना आधार है।

# पुलिस ने अयोध्या जनपद के युवक के कब्जे से बरामद किया तमंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने लाला का पुरवा के पास से गैर जनपद के एक युवक को एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक राम करन प्रसाद मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सत्मय सिंह पुत्र किसन पाल सिंह निवासी ग्राम बहवरा मजरे सुनवा थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या उम्र करीब तेइस वर्ष को लाला का पुरवा के पास से समय करीब सवा नौ बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ अयोध्या जनपद के थाना मवई और रौनाही में लगभग आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जनसामान्य से मुलाकात के समय में हुआ आंशिक संशोधन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी प्रतिदिन प्रातः 09.00 बजे से 10.00 बजे तक रूम नं0-2, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। श्री रंजन ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9044154983 अथवा उनके लाईज़निंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9450531248 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## अन्तिम दिन 04 प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किया गया नामांकन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के सातवें दिन 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में राम रूप पुत्र राम नारायन, प्रभूनाथ पुत्र बहराइची व वृक्ष राम पुत्र पूसू लाल तथा बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचू लाल पुत्र लखराज द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

## हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए स्थान व तिथि निर्धारित

बहराइच ।कैनविज टाइम्स संवाददाता।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के टीकाकरण हेतु स्थान एवं तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि मदरसा जामिया अरबिया मसऊदिया नुरूल उलूम काज़ीपुरा, बहराइच में 27 अप्रैल 2024, मदरसा अल जामेयतुन नूरिया ऐनी कैसरगंज बहराइच में 28, मदरसा सै. गौसुल उलूम मौजा दरहेटा फखरपुर व मस्जिद एवं मदरसा खैरून्निशां निकट नोवा हास्पिटल, मो. नाज़िरपुरा बहराइच में 29, मदरसा दारूल उलूमकादरिया बेलदारन टोला नानपारा 30 अप्रैल 2024 तथा मदरसा जामिया फैज़ुल उलूम बख्शीपुरा दरगाह रोड बहराइच में 01 मई 2024 को हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा।

## पुलिस प्रेक्षक ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम तथा गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण



बहराइचकैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेते हुए सुरक्षा के लिए किये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

## पूर्ति निरीक्षक ने तुड़वाए ताले, दस दिन बाद मिला सैकड़ों ग्रामीणों को राशन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोतिगरपुर ब्लॉक के खैरहा में समूह की अध्यक्ष व समूह द्वारा कोटे के संचालन की संचालिका के मध्य विवाद के चलते दस दिनों तक जनता पिसती रही। यहां कोटा स्थल पर तीन-तीन ताला लगाया गया था। जिसे आज पूर्ति निरीक्षक ने तुड़वा कर ग्रामीणों को राशन वितरित कराया है।

दरअस्ल खैरहा में सरस्वती स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन वितरण का कार्य कराया जाता रहा है। संचालन का जिम्मा पूनम निषाद को मिला गया। वे समूह की अकेली पढ़ी लिखी महिला हैं। यहां कुल कार्ड धारकों की कुल संख्या 424 है। समूह संचालिका पूनम और समूह अध्यक्ष शशिकला के विवाद के कारण यहां तीन ताले लग गए। खैरहा केग्राम प्रधान सुभाष चंद निषाद ने बताया कि हमारे यहां कोटे पर राशन बंटने को लेकर समस्या चल रही। यह कोटा सरस्वती स्वयं सहायता समूह के माध्यम से है।

## भाजपा के लखनऊ पूर्वी विधानसभा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ पूर्वी विधान सभा के उपचुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधि-विधान के साथ गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इसका शुभारम्भ पर भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने किया। वह शुभ मुहूर्त पर विधिवत्त मंत्रोच्चार और पूजन अर्चन के साथ भगवान श्री गणेश के समक्ष नारियल फोड़ कर कार्यालय का उद्घाटन किये।इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई,लखनऊ उत्तर विधायक नीरज बोरा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ओएसडी केपी सिंह, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी उपाध्यक्ष राकेश सिंह मौजूद रहे।

# राष्ट्र रक्षण में प्रभु श्री राम स्वीकारा वनवास आचार्य बलूनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल कुन्दरखी में चल रहे छः दिवसीय स्थापत्य एवं ज्ञान यज्ञ के आज चौथे दिन कथा वाचक आचार्य सुशील बलूनी ने श्रोताओं से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की बात कही।आचार्य जी ने कहा कि अधिकार से पूर्व कर्तव्यों का निर्वहन बहुत ही जरुरी है।उदाहरण दिया कि राम के चरित्र हमे राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण सिखाता है।यदि भगवन श्री राम राष्ट्र रक्षण के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार कर सकते हैं तो क्या मैं और आप मतदान जैसे छोटे से कर्त्तव्य का निर्वहन क्यों नहीं कर सकते हैं।यदि हम सजग होकर अपने जनप्रतिनिधित्व को चुनने के लिए अनिवार्य रूप से मत प्रयोग नहीं करते तो ये भी अपराध है।जिसकी सजा हमे अगले पांच वर्ष के लिए भुगतनी होती है।

आचार्य बलूनी जी ने विस्तार पूर्वक नव ग्रहों, उनसे जुड़े अंकों, देवों तथा ज्योतिष के मर्म को विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया की ये विषय मात्र भविष्य को बताने का नहीं अपितु काल गणना व भविष्य निर्माण का भी है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति के नाम का महत्व,उसके अंक और अंक से जुड़े ग्रह उसको किस प्रकार प्रभावित करते हैं, इस विषय पर बड़े विस्तार से चर्चा की। आचार्य के अनुसार न तो कोई ग्रह ख़राब है और न ही अच्छा। ग्रह की प्रकृति के अनुसार अपना व्यवसाय चुनकर आगे चलकर एक सफल भाग्य का निर्माण किया जा सकता है।चौथे दिन की कथा में आर.बी. राम, उप गन्ना आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोंडा मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर क्षेत्र गणमान्य कृषकों में देवी प्रसाद शुक्ला (ग्राम तरबगंज), राजनारायण मिश्र (ग्राम तरबगंज), जय प्रकाश पाण्डेय (ग्राम ढोढेपुर), ठाकुर प्रसाद (ग्राम नवाबगंज), रविशंकर सिंह (ग्राम नवाबगंज), राकेश सिंह (ग्राम उदवतनगर), लल्लन ओझा (ग्राम नवाबगंज), कमल बहादुर सिंह (ग्राम नवाबगंज), राकेश कुमार पाण्डेय (ग्राम खजुरी), राघवेन्द्र शुक्ला (ग्राम तरबगंज), सोनू सिंह (ग्राम मधईपुर), विरेंद्र सिंह (ग्राम मधईपुर), संतराम शुक्ला (ग्राम मधईपुर), इश्वर प्रताप सिंह (ग्राम कोहोबा), राम कुमार सिंह (ग्राम सेमरीकला), रिंकू सिंह (ग्राम उमरिबेगमज), राम अचल (ग्राम उमरिबेगमज), प्रवीण सिंह (ग्राम उदवतनगर), दिलीप कुमार सिंह (ग्राम उदवतनगर) बलवीर सिंह (ग्राम जबरनगर) विद्यापाल सिंह इत्यादि ने भी कथा श्रवण किया।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित हुई कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बंधित करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष राणा ने बताया कि मलेरिया से बचाव हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरुकता की आवश्यकता है प्रत्येक व्यक्ति को मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु प्रयास की आवश्यकता है। जिला मलेरिया अधिकारी ने मलेरिया के कारण एवं उपचार के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि ठंड के साथ बुखार आये तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर मलेरिया बुखार की जाँच कराये जिससे मरीज का सही उपचार कर मृत्यु से बचाया जा सके। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पी0 के0 बान्दील ने बताया कि मलेरिया बुखार सम्बन्धी बिमारी ने प्राचीन काल से कहर ढाया है विश्व विजेता सिकन्दर महान की सेना एवं वह स्वयं मलेरिया बुखार से ग्रसित होने के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए। प्रतिवर्ष 5-6 लाख मरीज मलेरिया से मृत हो रहे है।

उन्होनें मलेरिया बुखार को हल्ले में ना लेकर मच्छरों के सघन घनत्व वाले प्रजनन स्थानो पर निरोधात्मक कार्यवाही कर प्रजनन को रोके। जिससे मलेरिया के साथ ही अन्य मच्छर जनित बिमारियो से बचा जा सके। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 से विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन प्रति वर्ष 25 अप्रैल को प्रारम्भ किया गया। भारत सरकार द्वारा की 2030 तक मलेरिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है अतः मलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट प्रयास की आवश्यकता है जिसके द्वारा मच्छरों के लाबी के पनपने वाले स्थान, गढ़ढों आदि में जमा पानी को जमा पानी, कूलर, पुराने कूलर, नालियों आदि में जमा पानी को निकालकर नालियों आदि में लार्वा साइडर व मिटटी तेल डालकर प्रजनन को रोका जा सके। इस अवसर पर मलेरिया से बचाव हेतु नोडल उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय सोलंकी द्वारा शपथ भी दिलाया गया। गोष्ठी में डा निर्मष, डी0पी0एम0 सरजू खान, अरुण, अंकुर सिंह, विजय मिश्रा मलेरिया निरीक्षक के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## आजादी के 70 वर्षों तक कांग्रेस व उसके सहयोगियों ने सबकी आंखों में धूल झोंका : सुशील त्रिपाठी

प्रयागराज। लोकसभा इलाहाबाद 52 का केंद्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी ने शुक्ला गार्डन जायसवाल नगर व्योहरा औद्योगिक थाना प्रयागराज में किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 वर्षों तक देश के अंदर सबसे अधिक कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राज कर सबकी आंखों में धूल झोंका है। उसके प्रशासन के चलते करोड़ों लोग बुनियादी जरूरतों से वंचित रहे।क्षेत्रीय महामंत्री ने आगे कहा कि गरीबों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने का दोषी कोई और नहीं कांग्रेस और उसके पार्टनर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के इन 10 वर्षों के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबर कर खुशहाली जीवन जी रहे हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला और अगले 5 साल में तीन करोड़ और लोगों को मकान देने का लक्ष्य भाजपा के संकल्प पत्र में दर्शित है।

# बारात तैयार, बस दूल्हे का इंतजार बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। कैसरगंज बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने कहा- कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए बारात पूरी तरीके से तैयार है।बस केवल दूल्हे का इंतजार है और जल्द ही आप लोगों को एक अच्छा दूल्हा कैसरगंज लोकसभा सीट से मिलने जा रहा है।वह दूल्हा कोई भी हो सकता है, लेकिन हम अपनी पूरी तैयारी किए हुए हैं।बस मुझे टिकट का इंतजार है।दरअसल कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह गए हुए थे।जहां पर कार्यकर्ताओं ने जब उनसे टिकट को लेकर के सवाल किया तो उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को लग्न तेज है हम 27 को हम टिकट का इंतजार करेंगे।28 को टिकट मिल जाएगा तो 29 को दाबम दाब मचा देंगे।हम तो 99.9% तक लड़ेंगे कहा कि अगर ईश्वर ने यह तय कर रखा है तो इसमें हम क्या कर सकते हैं, लेकिन हम तो कैसरगंज लोकसभा सीट से टिकट के लिए प्रबल दावेदार हैं।हम तो 99.9% तक लड़ेंगे अपने टिकट के लिए एक दशमलवा बाकी रहेगा।बृज भूषण शरण सिंह टिकट की डेट बताते हुए कहा कि देखिए 27, 28, 29, 3 मई के पहले तो टिकट हो ही जाएगा।हमारा अनुमान है कि 27 को भी टिकट आ सकता है 28 को भी टिकट आ सकता है, 29 को भी टिकट आ सकता है।तीन मई के पहले तो टिकट आना ही है हम अपनी योजना बना करके चल रहे हैं।विपक्ष ने अब तक अपना प्रत्याशी नहीं घोषित किया, इसलिए बीजेपी भी नहीं कर रही टिकट अब तक न देने की कोई वजह नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अब तक मुतमईन है।कैसरगंज लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी की सीट है।पार्टी के लोगों ने जोड़ रखा है कि कैसरगंज लोकसभा सीट मोदी जी के पास है। किसी दूसरे का है मेरे टिकट को लेकर आप लोग इतना काहे परेशान है.? विपक्ष अब तक अपना प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी भी अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रही है।हमारे कार्यकर्ताओं को कोई बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है।मुझको खुद लोग जानते थे कि मैं गोंडा लोकसभा सीट से सांसद हूं, लेकिन जब कैसरगंज का टिकट विलंब हुआ और चर्चा हुई तब लोग जान पाए कि मैं कैसरगंज से सांसद हूं।

## टिकट की घोषणा न होने से हम लोग 55 दिन पीछे हो गए

बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि पार्टी टिकट उनको देती है तो वह जोर-जोर से अपना प्रचार करेंगे। हम लोग 55 दिन पीछे हो गए हैं। क्योंकि अभी तक टिकट की घोषणा नहीं हुई है। इसीलिए हम अपने लोकसभा सीट पर उसे तरीके से प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। जिस तरीके से प्रचार करना चाहिए और जितना समय हम लोग बर्बाद कर रहे हैं।उतना ही समय हम लोगों के लिए ज्यादा कठिन होता जा रहा है।आप सब लोग मिलकर के अपने-अपने गांव में जाकर मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराए। साथ ही सभी पन्ना प्रमुख अपने-अपने बूथों पर वोट डलवाने का अवश्य प्रयास करें ताकि मतदान प्रतिशत गोंडा का बढ़ाया जा सके।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को द्वितीय प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। जिसमें उन्हें पोलिंग पार्टी रवानागी के समय क्या करना है, बीयू, सीयू और वीवीपैट को चेक करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है, मतदान के दिन की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएम कनेक्शन की प्रक्रिया, माकपोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए सीयू, सीयू व वीवीपैट को सील करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के साथ ही उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहेंगे तथा किसी भी बूथ पर मतदान से संबंधित कोई समस्या आने पर तत्काल वहां पहुंचकर उसका निराकरण निश्चित करायेंगे। आप लोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पार्टियां समय से अपने-अपने बूथों पर पहुंच जाएं। इसके साथ ही आप लोग स्वयं ईवीएम मशीन को जोड़ने एवं मशीन में आने वाले एरर की जानकारी के साथ ही सभी मास्टर ट्रेनरों के नंबर भी अपने पास सुरक्षित सेव कर ले जिससे मतदान के दिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप लोग आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर ले उसी के अनुसार निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# गांधी पर गोली चलाने वाले की सरकार बनी तो आप रहियेगा कमजोर: अनूप सण्डा

## चंद घरों तक सीमित रहा मेनका गांधी का विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद गुरुवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। उनके साथ सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा भी पहुंचे। उन्होंने पारा की नुक्कड़ सभा में कहा अगर आप इस मादरे वतन की एकजहती चाहते हैं, शहीद अशफाक उल्लाह और बिस्मिल की शहादत का सम्मान चाहते हैं तो साइकिल निशान को याद रखियेगा। और अगर चाहते हैं गांधी पर गोली चलाने वाले की सरकार बने, तो कमजोर रहियेगा।

उन्होंने सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी का नाम लिए बगैर कहा अबतक की सांसद जिस विकास का दावा करती हैं उन्होंने उसे चंद घरों तक सीमित रखने का काम किया है। हमारा संकल्प समाज के 90 फीसदी के विकास के लिए है। उन्होंने ये भी कहा अखिलेश यादव जो दौड़कर पीडीए की बात कर रहे हैं, पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक, पिछड़े हुए अगड़ों की बात कर रहे हैं वो इसलिए कर रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने दस साल ने आपको रोजगार नहीं दिया। आपको विकास नहीं दिया। आपके दिल में नफरत पैदा की।

उधर सपा से घोषित पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद की बगावत लगातार जारी है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साथ भेंट की भीम की फोटो अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया था। उस पर आज पारा की नुक्कड़ सभा में बोलते हुए सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने कहा कहां वो अपने रह गए। वो तो भाजपा की गोद में झूलने लगे हैं। उन्होंने कहा संशय आप लोगों के दिल में बना हुआ है। लेकिन मैं समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष होने के नाते कह रहा हूं हमारे प्रत्याशी राम भुआल निषाद हैं इसके अलावा कोई नहीं है। यही जीत का परचम भी लहराने जा रहे हैं। वही पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने दस सालों में एक गंदा माहौल देने का काम किया। भाजपा वाले सिर्फ मंदिर और मस्जिद की बात करते हैं। हम गंगा-जमुनी तहजीब को मानने वाले लोग हैं। हम एक दूसरे के साथ मिलकर रहते हैं। आप हमारे यहां ईद और बकरीद पर आते हैं हम आपके यहां होली दीपावली पर आते हैं। हम आपसे अपील करते हैं इस समय जो माहौल बना हुआ है ऐसे में एक होने की जरूरत है।

# पति ने पत्नी का गला रेतकर की हत्या, खुद फांसी लगाकर की आत्महत्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गुरुवार को घरेलू कलह में पति ने पत्नी का धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की, फिर स्वयं फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू की है।

घटना कुड़वार थानाक्षेत्र के फिरोजपुर गांव की है। गांव निवासी आफाक (52) बकरी खरीद फरोख्त व नाऊ का काम करता था। उसके तीन पुत्र व दो पुत्रियां थी। एक बेटी की वो शादी कर चुका है। करीब साल भर से वो डिप्रेशन में चल रहा था। ऐसे में घरेलू कलह बढ़ गई थी। इसी को लेकर उसने आज पत्नी किस्मत उल निशा (46) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की फिर जहां पत्नी का शव खून में लथपथ पड़ा था वही फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर लिया। दोनों का शव घर के अंदर छत पर पाया गया। माता पिता की मौत पर घर में बच्चे चीखने चिल्लाने लगे जिस पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसओ कुड़वार अरुण द्विवेदी और सीओ सिटी शिवम मिश्रा मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन इधर ठीक नहीं चल रहा था।

**पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू की है**

# अमेठी में राहुल गांधी का इंतजार, क्या कल पहुंचेंगे, यूपी में बदलने वाला है चुनावी माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। यूपी में तीसरे दौर का चुनावी अभियान पूरा माहौल बदलने जा रहा है। अमेठी में राहुल गांधी का इंतजार हो रहा है। कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि राहुल 26 अप्रैल की रात तक अमेठी आ जाएंगे। वो पहले अयोध्या जाएंगे, फिर अमेठी। अगर कांग्रेस राहुल की उम्मीदवारी की घोषणा करती है तो यूपी में बाकी पांच दौर के चुनाव का माहौल बदल जाएगा। जानिए क्या है अमेठी-रायबरेली के ताजा हालातःखबर है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी क्रमशः रायबरेली और अमेठी सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि अंतिम फैसला 26 अप्रैल के बाद लिया जाएगा और अगले हफ्ते नामांकन दाखिल किया जा सकता है। दूसरे चरण का चुनाव 26 अप्रैल को होना है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज से गुरुवार को पर्चा दाखिल कर चुके हैं। यानी कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता अगर यूपी से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं तो इसके बहुत मायने हैं और इनकी मौजूदगी यूपी के बाकी बचे पांच दौर के चुनावी माहौल को बदल देगी।अमेठी के पूर्व एमएलसी और कांग्रेस नेता दीपक सिंह का वीडियो बयान एएनआई ने जारी किया है। उस वीडियो में दीपक सिंह को कहते सुना जा सकता है- ''राहुल गांधी 26 अप्रैल को आएंगे। ये आशंका स्मृति ईरानी जता रही थीं। लेकिन हम सभी का मानना है कि राहुल गांधी 'शुभ मुहूर्त' में आएंगे, वो आएंगे इस बार वह अमेठी से जीतेंगे, सांसद बनेंगे और देश के प्रधानमंत्री बनेंगे गांधी। हर किसी को विश्वास है कि वह 'शुभ मुहूर्त' पर आएंगे और अपना नामांकन दाखिल करेंगे।''हालांकि अन्य मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि राहुल गांधी अमेठी जाने से पहले अयोध्या जाएंगे और फिर वहां से अमेठी जाएंगे। अमेठी में कांग्रेस की गतिविधियां इस बात की पुष्टि कर रही हैं कि अमेठी में राहुल का इंतजार बेसब्री से हो रहा है।अमेठी में माहौल कितना रीचार्ज है, उसका अंदाजा 24 अप्रैल की स्मृति ईरानी की अमेठी रैली से लगाया जा सकता है। स्मृति ईरानी की इस रैली में भीड़ नहीं थी लेकिन भाजपा प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने मेरी रैली में बाधा डालने के लिए गुंडे भेजे। मैं राहुल के गुंडों से नहीं डरने वाली हूं। कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के इस आरोप को मामूली भी महत्व नहीं दिया।

# दर्जनों परिषदीय विद्यालयों में एक बजे ही लटकता मिला ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अत्यधिक गर्मी और लू के कारण परिषदीय विद्यालयों में कक्षाओं के संचालन का समय परिवर्तित भले ही कर दिया गया है लेकिन तिलोई और सिंहपुर विकास क्षेत्र के दर्जनों परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित समय से पूर्व ही ताला लटकता पाया गया।यहां पर बीएसए और सचिव बेसिक शिक्षा के आदेश पर असमंजस की स्थित बनी रही। क्षेत्र में तेज धूप अत्यधिक गर्मी और लू के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जनपद के कक्षा एक से आठ तक के समस्त विद्यालयों को प्रातः आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक पठन पाठन किये जाने का निर्देश जारी किया गया था और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिक्षकों को दो बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहने की बात कही गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद गुरुवार को विकास क्षेत्र तिलोई और सिंहपुर के एक दर्जन से अधिक परिषदीय विद्यालय दोपहर में एक बजे से पहले ही बंद कर दिये गये और इन दर्जनों विद्यालयों में निर्धारित समय से पूर्व ही ताला लटकता पाया गया। बताया जाता है कि बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव ने सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर में साढ़े बारह बजे तक ही विद्यालय खुलने का निर्देश जारी किया है।

अब ऐसी दशा में तस्वीर साफ नही हो रही है कि परिषदीय विद्यालय कितने बजे खुलें और कितने बजे बंद किये जाय ? इसका जबाब भी किसी सक्षम अधिकारी के पास नही है। इस सम्बंध में सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि दूरभाष से कई विद्यालयों के बंद होने की सूचना प्राप्त हुई है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# नामांकन को लेकर डीएम व एसपी ने सभी एसडीएम सीओ व थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

## नामांकन स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 26 अप्रैल से प्रारंभ हो रही नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में सभी एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्षों के साथ बैठक किया तदोपरांत नामांकन स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। नामांकन स्थल से 300 मी दूर गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, नामांकन स्थल से 100 मीटर के अंदर किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरी गंभीरता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान आदि बिन्दुओं पर की गई समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के उन्होंने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय प्रयास करके इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग है, जो विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित कर रहे हैं।अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेस आईएलआई, क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों, मच्छरो का प्रजनन रोकने की कार्यवाही की जाये। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत वर्ष जिन क्षेत्रों में उक्त बीमारियों से सम्बन्धित केस पाए गए हैं, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा उन क्षेत्रों की आंगनबाडी, ऐनम, आशा बहुओं के साथ बैठक का आयोजन कर रोगों से बचाव के उपायों के प्रति संवेदित किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता हेतु आंगनबाडी, आशा बहुओं, कोटेदार व ग्राम प्रधानों का सहयोग लेते हुए लोगों को जागरूक किया जाये।

बैठक के दौरान उन्होंने सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद की नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मलेरिया से पीडित मरीज पाये गये। उन्होंने क्षेत्रों में टीमों के माध्यम विशेष अभियान चलाया जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायत, पंचायतीराज सहित सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि गांव व नगरों में साफ सफाई के साथ जल भराव व गन्दगी के स्थानों पर लार्वा को नष्ट करने हेतु दवाईयों का छिडकाव कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि वृहद अभियान संचालित कर सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही साथ हेल्थ कैम्पों का आयोजन किया जाये, बुखार से पीडित मरीजों की जांच कराने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि कालेज/विद्यालयों में मच्छरों जनित रोगों से बचाव हेतु औषधिऐं पौधो का रोपण कराना सुनिश्चित करें। उथले हैण्डपम्पों का पानी न पीने हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। नगर पालिका को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि नियमित फोगिंग का कार्य कराया जाये।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य एमओआईसी उपस्थित रहे।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के द्वारा एक वृहद रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पुरनपुर। संस्था के अवेतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आज अशोक कालोनी पूरनपुर में एक हॉस्पिटल में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स एवं इनर व्हील क्लब पूरनपुर पल्स ने संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन सुमन चैरिटेबल ब्लड बैंक पीलीभीत के सहयोग से करा जिसका शुभारंभ पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान जी ने फीता काटकर किया संस्था के द्वारा विगत 3 वर्षों से निरंतर रक्तदान शीवीर का आयोजन किया जा रहा है जिसके द्वारा समय-समय पर गरीब जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता पड़ने पर निशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जाता है उक्त शिविर में लगभग 65 लोगो का रक्त दान करा शिविर में मुख्य रूप से विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, अमरजीत सिंह कार्यक्रम निदेशक सोनू छिना संस्था के सचिव कौशलेंद्र भदौरिया,प्रधान संघ के अध्यक्ष नरेश पाल सिंह, क्लब अध्यक्ष शेखर सिंह , प्रतीक सक्सेना, आकाश खंडेलवाल,शेखर खंडेलवाल,इनर व्हील पल्स की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता, राखी अग्रवाल, सोनिया चौहान ब्लड बैंक से डॉक्टर महावीर सिंह ,ब्लड बैंक के एम डी मो यशीर आदि लोग मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को ईसीसीई पर मज़बूत बनाने के लिये बहुत कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सीडीपीओ कार्यालय गौरीगंज में परिक्षेत्र की पैंतीस आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ ईसीसीई की महत्वता एवं बच्चों के विकास के प्रमुख डोमेन पर राकेट लर्निंग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के मॉड्यूल-टू की ट्रेनिंग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को काफी रुचिकर लगी। उन्होंने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसमें बाल्यावस्था शिक्षा की संज्ञानात्मक विकास की विभिन्न गतिविधियों जैसे- संख्या का खेल, आओ कहानी बनाये, आकार बनाने के प्रकार आदि के माध्यम से उनको अनुभव कराया गया। इस ट्रेनिंग में तकनीकी प्रशिक्षण द्वारा ऑडियो विसुअल विडियो, मोबाइल के इस्तेमाल और डाटा कलेक्शन भी शामिल था ताकि वह इसका इस्तेमाल अपने केन्द्रों में बच्चों को सिखाने में कर सकें।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह ने आज मण्डी परिसर स्थित स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा हेतु तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा अवगत कराया कि किसी भी प्रकार की समस्या नही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी की जांच की गई तथा कन्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मण्डी में तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय पताबोझी के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय आय एव योग्यता परीक्षा में हुआ चयन



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय पताबोझी के दो विद्यार्थी रवि कुमार और नेहा कुमारी का हुआ चयन प्रधानाचार्य केशव कुमार गंगवार,अनुदेशक रामाआसरे,नीलम मालिक सहित ग्राम प्रधान टीकाराम ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को शुभकामनाएं दी साथ ही ग्राम प्रधान टीकाराम ने हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जनपद के बच्चों ने लहराया परचम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिले के नौनिहालों ने अपनी जीत का डंका बजाया है । जिले को 160 सीट आबंटित थी जिसमे जिले भर के विभिन्न स्कूलों के 157 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण की है।परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है तो वहीं दूसरी तरफ उनके शिक्षक भी खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। जिले भर के सबसे ज्यादा मरौरी ब्लाक के कंपोजिट स्कूल कैच के 19 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफलता हासिल की है।कुछ महीने पहले कक्षा 8 में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के फॉर्म शिक्षकों ने भरवाए थे। शिक्षकों ने जी तोड़ मेहनत कर स्कूली बच्चों को परीक्षा की तैयारी करवाई उसके उपरांत परीक्षा हुई जिसका परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। रिजल्ट की जानकारी मिलने पर शिक्षकों और छात्रों में खुशी का माहौल है।अकेले कंपोजिट स्कूल बरहा के दस छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण की है। टाह पौटा जूनियर स्कूल के छह छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। ललौरी खेड़ा ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल मगरासा के भी चार छात्रों ने परीक्षा में बाजी मारी है। बिलसंडा ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल गाजना कटैया के तीन छात्र छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उनके शिक्षकों को भी बधाई दी है । जिला समन्वयक राकेश पटेल ने जिले भर के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों और उनके शिक्षकों को बधाई दी है।

## हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना गौरीगंज पुलिस ने माधव नगर साई टीला के पास से एक अदद तमंचा दो जिन्दा कारतूस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर व थाने के टाप टेन शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक अनूप कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर शातिर अपराधी प्रकाश वर्मा उर्फ जे पी पुत्र स्वर्गीय राम मूरत वर्मा निवासी मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज वार्ड संख्या चौबीस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को श्री माधवनगर सांईटीला के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक स्थानीय थाने का हिस्ट्रीशीटर व थाने का टॉप टेन शातिर अपराधी है। थाना गौरीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और इस युवक के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में लगभग ग्यारह अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## यूपी में चुनाव के समय राहुल प्रियंका को प्रभु श्रीराम लला की याद आई : स्मृति ईरानी



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जामो में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के निशाने पर राहुल और प्रियंका गांधी रही। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता के प्यार के बदले राहुल और प्रियंका ने दगा किया। उन्होंने कहा कि पन्द्रह साल अमेठी से सांसद राहुल और उनकी मां ने मनमोहन सरकार चलाते हुये अमेठी के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जितना विकास कार्य मैने पांच साल में किया है उसका एक चौथाई कार्य भी राहुल गांधी पन्द्रह साल में नहीं कर सके। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। स्मृति ईरानी ने कहा कि मैंने पांच सालों में वो काम किया जो कांग्रेस तीस सालों तक नहीं कर पाई थी।कांग्रेस ने झूठा आश्वासन दिया था गरीबों की ज़मीन लेकर,नौकरी के नाम पर जमीन चली गई और नौकरी मिली नहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अकेले चुनाव लड़ने नहीं आयेंगे वो बाहर से लोग लेकर आयेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने बयान दिया है कि हिंदुस्तान के सभी लोगों के आय व सम्पत्ति की जानकारी होनी चाहिए। वे पहले देश की तिजोरी लूटते थे अब जनता को लूटने आ रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि कोई अपने परिवार की ज़मीन कब्जा करता है ? कांग्रेस ने अमेठी से ज़मीन छीनी, मैंने अमेठी में घर बनाया।पन्द्रह साल राहुल गांधी सांसद थे अमेठी के लेकिन किसी भी गरीब को राशन नहीं मिलता था। आज गरीब की थाली तक राशन पहुंच रहा है। आज जामों के बारह हजार लोग पेंशन पाते हैं।ये वही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी है जिन्होंने ने राम लला का दर्शन का निमंत्रण ठुकरा दिया था।अब उत्तर प्रदेश में चुनाव में आ रहे हैं तो अयोध्या दर्शन करने जा रहे हैं।

## सचल खरीद के माध्यम से गेहूं क्रय के लिये 92 क्रय केन्द्रों को किया गया अधिकृत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिला खाद्य विपणन अधिकारी/अपर जिला खरीद अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार गेहूं क्रय नीति के तहत मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूं क्रय किया जाना है तथा अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा मोबाइल खरीद किये जाने हेतु आनलाइन माड्युल पर केन्द्र प्रभारियों को सुविधा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त निर्देशानुसार जनपद के समस्त किसान किसी ग्राम में एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूं की उपलब्धता होने की स्थिति में अपने नजदीकी क्रय केन्द्र से सम्पर्क अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नम्बर 8528126280 पर अवगत करा सकते है तथा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल सचल खरीद के माध्यम से खरीद सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि गेहूं क्रय किये जाने हेतु जनपद में समस्त 92 क्रय केन्द्रों को मोबाइल परचेज के माध्यम से खरीद करने के लिये अधिकृत किया गया है।

## एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान शुरू

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत आज एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा बीसलपुर एवं पूरनपुर क्षेत्र में चेकिंग कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान मार्ग से निकल रहे वाहनों की सघन जांच की गई। जिसमें तीन वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पाए गए, ओवरलोडिंग के अभियोग में इन वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई, तथा तीनों वाहनों के विरुद्ध क्रमशः 32000, 42000 एवं 55000 जुर्माना प्रशमित किया गया।इसके अतिरिक्त बिना फिटनेस, बिना टैक्स एवं परमिट समाप्त होने के बावजूद मार्ग पर संचालित हो रही वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई अमल में लाई गई।जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत बरेली मंडल से इंटरसेप्टर मशीन मंगा कर ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कार्रवाई का अभियान चलाया गया, व्यावसायिक वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा तथा हल्के मोटर वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा की गतिसीमा निर्धारित है।

# मुस्लिम लीग से मंगलसूत्र और मुस्लिम आबादी तक मोदी

हर बार की तरह इस बार भी केन्द्रीय चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की है, जिसमें एक स्पष्ट नियम यह है कि किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे। इसी तरह लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के तहत कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका उल्लंघन भ्रष्ट आचरण के दायरे में आता है। इस अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, भ्रष्ट आचरण वह है जिसमें एक उम्मीदवार चुनाव जीतने की अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये कुछ इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिसके अंतर्गत रिश्वत, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी, और धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच घृणा, श्दुश्मनी की भावनाओं को बढ़ावा देना अथवा ऐसा प्रयास करना शामिल है। उपरोक्त दो कसौटियों पर अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए भाषण की समीक्षा की जाए, तो वे इस भ्रष्ट आचरण के आरोपी ठहराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग इस आधार पर उनके ऊपर कार्रवाई कर सकता है। गौरतलब है कि रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। जहां फिर उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर मनगढ़ंत बातें कीं और हजारों लोगों की भीड़ के बीच बध्डी सहजता से झूठ बोला। प्रधानमंत्री अपने झूठ से सांप्रदायिक धुरवीकरण की कोशिश भी करते दिखे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के साल 2006 में राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए भाषण से कुछ बातों को उठाया और उसे गलत संदर्भों के साथ पेश किया। मोदी ने अपने भाषण में कहा कि पहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, इसका मतलब ये संपत्ति इकत्र्ञ करके किसको बांटेंगे- जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे। क्या आपकी मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। मोदी यहीं नहीं रुके, आगे उन्होंने कहा, श्ये कांग्रेस का मेनिफ़ेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उसे बांट देंगे और उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। भाइयों-बहनों ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे, ये यहां तक जाएंगे। मोदी के भाषण के इन हिस्सों में साफ तौर पर जनता को गुमराह करने की कोशिश नजर आ रही है। डा.मनमोहन सिंह ने 2006 के अपने उस भाषण में कहा था कि श्अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए।ध्यान देने की बात है कि डा. सिंह ने अधिकार शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था, जबकि उन्होंने अंग्रेजी में श्क्लेमश शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसका हिंदी अर्थ दावा होता है। यानी यूपीए सरकार के मुखिया ने उन वर्गों का देश के संसाधनों पर दावा होने की सिफारिश की थी, जो समाज में हाशिए पर हैं। इनमें केवल मुसलमान नहीं अपितु एससी, एसटी तबका भी शामिल है। लेकिन श्री मोदी ने बड़ी चतुराई से शब्दों की हेर-फ़ेर करके जनता के सामने झूठ परोस दिया। इसी तरह कांग्रेस के घोषणापत्र में कहीं भी यह नहीं लिखा कि वे हिंदू महिलाओं की स्वर्ण संपत्ति को ले लेंगे और मुस्लिमों में उसे बांट देंगे। कांग्रेस ने इस बार अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र कहा है और उसमें आदिवासी न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय ऐसी श्रेणियां बनाकर उनके तहत अलग-अलग वादे किए हैं। कांग्रेस ने अपनी पिछली सरकार की सोच को ही आगे बढ़ाने का इरादा घोषणापत्र में दिखाया है।

# आओ मतदान करें

**लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं।**

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम



मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने हैं। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जिम्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरूक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। शादी विवाह होने के बावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों व मीडिया को भी इसके लिए आगे आना चाहिए ताकि हम कह सके कि यह सरकार कम मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनी हुई नहीं हैं। जिस तरह से रोजमर्रा के काम जरूरी हैं, उसी तरह से हमें मतदान को समझना होगा और बाकी 26 अप्रैल और इसके बाद के चरणों के मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा। **-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# हमारी आंखों के सामने भारत के रूप में एक नए वैश्विक केंद्र का उदय

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे 'अलेक्जेंडर दुगिन' भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं । वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में 'अलेक्जेंडर दुगिन' बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है। यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री 'दुगिन' का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' एक लम्बा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं, 'हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं । हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है। वैसे 'दुगिन' की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथम मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रिका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। युरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता। भारत के पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, अफगानिस्तान किसी न किसी संकट से जूझते दिखते हैं, जिसमें कि सबसे बड़ा संकट आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे में निश्चित ही यह बहुत बड़ी बात है कि भारत तमाम असहमतियों के बीच सहमति बनाने में कामयाब होता दिखता है। 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, ''कई लोगों को आश्चर्य होगा कि भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2023 में देश की जीडीपी 8.4 प्रतिशत बढ़ी। 2027 तक इसके वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भारत 2030 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और यहां तक कि चीन को भी पीछे छोड़ सकता है। भारत जनसांख्यिकी और आईटी क्षेत्र में भी अग्रणी है। भारतीय प्रवासी अब सिलिकॉन वैली के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करते हैं और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं, जो उदार-वैश्विक विचारों के साथ जातीय रूप से भारतीय हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रमुख रूढ़िवादी राजनेता, भारतीय मूल के एक कट्टर ट्रम्प समर्थक, विवेक रामास्वामी...हैं। कोई भी क्षेत्र हो भारतीय आगे बढ़ रहे हैं।'' दुगिन साथ ही यह भी घोषणा करते हैं कि भारत वर्तमान में आईटी में वैश्विक नेताओं में से एक है और वित्तीय क्षेत्र एक नया वैचारिक वैश्विक आयाम प्राप्त करेगा । वे लिखते हैं कि हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं, हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है । निश्चित तौर पर इन सफलताओं का श्रेय काफी हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जाता है। भारतीय जनता पार्टी के शासन और मोदी के व्यक्तिगत राजनीतिक करिश्मे ने भारत को मौलिक रूप से बदल दिया है। दिलचस्प बात यह है कि मोदी के शासन में इंडिया का आधिकारिक नाम बदलकर उसका प्राचीन संस्कृत नाम 'भारत' कर दिया गया।

## सेहत मंत्र

# गर्मी में दही खाने से मिलेंगे कई बड़े फायदे


जब मौसम बदलता है तो व्यक्ति के खानपान में भी बदलाव आता है। गर्मी के मौसम में ऐसी चीजों के सेवन की सलाह दी जाती है जो शरीर को ठंडक प्रदान करें। वैसे तो इस मौसम में आप कई तरह की ठंडी चीजों का सेवन करते होंगे, लेकिन दही की बात ही अलग है। दही एक ऐसा फूड है, जिसे गर्मी में हर किसी को अवश्य खाना ही चाहिए। गर्मी के मौसम में दही खाने से ना सिर्फ शरीर का तापमान नियंत्रित होता है, बल्कि इससे पानी की कमी भी दूर होती है। इसके अलावा भी आपको कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। दही शरीर के लिए एक बेहतरीन व प्रभावी ईंधन के रूप में भी काम करती है। खासतौर से, गर्मी के मौसम में जब जल्दी ही थकान का अहसास होता है तो ऐसे में दही का सेवन आपको ऊर्जावान बनाएगा। यह आपको हाइड्रेटेड भी रखता है। बस आप इसमें थोड़ा नमक या चीनी जोड़ें, और आपका शरीर अधिक संतुलित और ऊर्जावान महसूस करेगा। इतना ही नहीं, दही भी एक बेहतरीन स्टेस बस्टर भी है, जिसके कारण यह आपके भीतर चिंता के स्तर को कम करता है। दही एक प्रोबायोटिक है। इसमें बेहद हेल्दी बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो आंतों के लिए बेहद लाभदायक होते हैं। साथ ही इसमें मौजूद प्रोबायोटिक इम्युनिटी सिस्टम को बूस्टअप करते हैं और शरीर को वायरल बुखार से लेकर आम सर्दी और संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। आपको शायद पता ना हो, लेकिन दही हृदय के लिए भी बेहद लाभकारी होती है। यह धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के निर्माण को रोकती है और कोरोनरी हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। इसके अलावा, यह शरीर में रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। यह आपके कार्डियो?वैस्कुलर स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है। इसलिए नियमित रूप से इसका सेवन जरूर करना चाहिए। दही में कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो आपकी हड्डियों और दांतों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें फास्फोरस जैसे खनिज भी शामिल हैं, जो कैल्शियम के साथ मिलकर आपकी हड्डियों के विकास को तेज करता है। इतना ही नहीं, दही गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों में भी राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# संसार के व्यसनों और इन्द्रियों पर संयम ही सच्ची विजय है

अहंकार से मुक्त संयमी हृदय को मनुष्य का सहज स्वभाव माना गया है। संयमी व्यक्ति आध्यात्मिक, विवेकशील, ईमानदार और समाज का भला करने वाला होता है। ऐसे लोग ही विजयी कहलाते हैं। संयम के अभाव में व्यक्ति में क्रोध, हिंसा और मानसिक अशांति बनी रहती है। इसका प्रभाव उनके जीवन पर भी देखने को मिलता है, जिसके फलस्वरूप असंयमी व्यक्ति उद्दंड और सभी को कष्ट देने लगता है। उनके विचार सात्विक नहीं रह जाते। जिस मनुष्य में इन सब गुणों का अभाव होता है वह इन्द्रियों का दास बन जाता है। यदि मनुष्य जीवन में किसी पूजा आचमन या योग ध्यान का अभ्यास नहीं करता है लेकिन जीवन संयमित है तो वह सदा दुर्गुणों से दूर रहेगा और सभी सांसारिक सुखों से पूर्ण जीवन व्यतीत करेगा। रावण को सभी वेदों का ज्ञान था, उसने शिव तांडव और युद्धीशा तंत्र और प्रकुठा कामधेनु जैसी कृतियों की रचना की थी, देवताओं को भी परास्त करने वाला महाज्ञानी था। लेकिन उसे अपनी शक्ति का अहंकार हो गया था, अहंकार जैसे दुर्गुणों के कारण रावण का वध हुआ। रावण वध के उपरांत विभीषण ने श्री राम से कहा रावण महाअहंकारी था उसे अपनी शक्ति का अहंकार था 'आपने रावण का वध करके महान विजय प्राप्त की है'। तब श्री राम ने कहा 'यह तो साधारण विजय है, असाधारण विजय तो अपने दुर्गुणों पर संयम पा लेना होता है। संयमित व्यक्ति संसार को जीत सकता है'। संसार के व्यसनों और इन्द्रियों पर विजय ही सच्ची विजय है।

## पर्यटन



# अमरकंटक के झरने सैलानियों को कर देते हैं मंत्रमुग्ध

अमरकंटक नर्मदा नदी, सोन नदी और जोहिला नदी का उदगम स्थान है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित है। यह हिंदुओं का पवित्र स्थल है। मैकाल की पहाड़ियों में स्थित अमरकंटक मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले का लोकप्रिय हिन्दू तीर्थस्थल है। समुद्र तल से 1065 मीटर ऊंचे इस स्थान पर ही मध्य भारत के विंध्य और सतपुड़ा की पहाड़ियों का मेल होता है। चारों ओर से टीक और महुआ के पेड़ो से घिरे अमरकंटक से ही नर्मदा और सोन नदी की उत्पत्ति होती है। नर्मदा नदी यहां से पश्चिम की तरफ और सोन नदी पूर्व दिशा में बहती है। यहां के खूबसूरत झरने, पवित्र तालाब, ऊंची पहाड़ियों और शांत वातावरण सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। प्रकृति प्रेमी और धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों को यह स्थान काफी पसंद आता है। अमरकंटक का बहुत सी परंपराओं और किवदंतियों से संबंध रहा है। कहा जाता है कि भगवान शिव की पुत्री नर्मदा जीवनदायिनी नदी रूप में यहां से बहती है। माता नर्मदा को समर्पित यहां अनेक मंदिर बने हुए हैं, जिन्हें दुर्गा की प्रतिमूर्ति माना जाता है। अमरकंटक बहुत से आयुर्वेदिक पौधों में लिए भी प्रसिद्ध है, जिन्हें किंवदंतियों के अनुसार जीवनदायी गुणों से भरपूर माना जाता है। अमरकंटक का यह गर्म पानी का झरना है। कहा जाता है कि यह झरना औषधीय गुणों से संपन्न है और इसमें स्नान करने शरीर के असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं। दूर-दूर से लोग इस झरने के पवित्र पानी में स्नान करने के उद्देश्य से आते हैं, ताकि उनके तमाम दुखों का निवारण हो। नर्मदाकुंड नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है। इसके चारों ओर अनेक मंदिर बने हुए हैं। इन मंदिरों में नर्मदा और शिव मंदिर, कार्तिकेय मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, श्री सूर्यनारायण मंदिर, वंगेश्वर महादेव मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव परिवार, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराधा कृष्ण मंदिर और ग्यारह रूद्र मंदिर आदि प्रमुख हैं। कहा जाता है कि भगवान शिव और उनकी पुत्री नर्मदा यहां निवास करते थे। माना जाता है कि नर्मदा उदगम की उत्पत्ति शिव की जटाओं से हुई है, इसीलिए शिव को जटाशंकर कहा जाता है।

# स्वस्थ शरीर के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

## 100 केन्द्रों पर आयोजित सास बहू ननद सम्मेलन में चार हजार से अधिक सदस्यों ने किया प्रतिभाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बुधवार को जनपद के 100 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4043 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।



बाल विकास परियोजना बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र मे सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। बाल विकास परियोजना सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है इसलिये दिनांक 20 मई, 2024 को मतदान अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है।

बाल विकास परियोजना फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरुक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक हैं उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे।

बाल विकास परियोजना देवा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण डे के साथ-साथ आगामी 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव में वोट डालने हेतु शपथ दिलायी गयी। उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि मतदान से लोकतत्रं मजबूत होता है हम सभी परिवार के साथ मतदान करने जायेगे।बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों के साथ-साथ समस्त ग्राम वासियों ने भी शपथ लिया कि हम मतदान अवश्य करेगें।बाल विकास परियोजना रामनगर में सास बहू सम्मेलन में ग्राम की महिलाओं को इकट्ठा किया गया जिसमें समस्त महिलाओं ने कहा हम सभी लोग अपना काम छोड़कर मतदान स्थल पर अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करेगें। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

## मेधावी छात्रा का साइकिल देकर सम्मान




बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी क्षेत्र के इसरौली सेठ भानमऊ स्थित सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार हाईस्कूल व इंटर मीडियट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।विद्यालय प्रबंधक शैलेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश ने हाईस्कूल की मेधावी चकसार निवासी छात्रा शिवांशी वर्मा को साइकिल पुरस्कार भेंट किया। क्योंकि उसने 96 प्रतिशत अंक हासिल जिले टॉप टेन की सूची में स्थान कायम किया है। मेधावी छात्रा पिता राजकरन वर्मा व माता विनीता वर्मा शिक्षामित्र है?। साइकिल पाकर उसका चेहरा खिल उठा। इसी के साथ शिप्रा वर्मा व अक्षर गुप्ता स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जबकि इंटर छात्रा अमृता यादव ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र में दबदबा कायम किया।इन्हीं के साथ छात्र अमरीश यादव, कोमल वर्मा व सना बानो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।इस मौके पर प्रबंध निदेशक संदीप श्रीवास्तव समेत शिक्षक सुनीता शुक्ला, कन्हैयालाल,अनिल, नरेंद्र, प्रदीप, अमरेश, सपना वर्मा व प्रियंका द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## विभिन्न हादसों में वृद्धा सहित चार की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।विभिन्न हादसों मे एक वृद्धा समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी पुलिस ने सभी के शवो का पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के नरैनीपुरवा निवासी 30 वर्षीय विनय कुमार रावत बुधवार की रात्रि शौच के लिए गांव से बाहर गया था रास्ते मे पड़ने वाली लखनऊ गोरखपुर रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट मे आ गया जिसके बाद विनय की मौत हो गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई तो शव विनय का निकला।जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं फतेहपुर थाना क्षेत्र मे हुए दो हादसों मे एक बीजेपी नेता के साथ एक पिकअप चालक की मौत हो गयी। बताते चलें कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के वतियामऊ मार्ग पर पर इसेपुर गांव निवासी पूर्व बीजेपी जिला उपाध्यक्ष 55 वर्षीय उदित नरायण वर्मा अपने मित्र समेसी निवासी राम लखन यादव के साथ बुधवार को क्षेत्र मे आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम मे गए थे रात्रि करीब 11 बजे दोनो ही बाइक से लौट रहे थे कि रास्ते मे पड़ने वाले आरआर इंटर कॉलेज के पास एक अनियंत्रित डीसीएम ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी जिसके बाद मौके पर उदित नारायण कि मौत हो गयी और उनके साथी राम लखन को गंभीर हालत मे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है इसी तरह लखनऊ से फल लादकर डाला से आये चालक कि मौत हो गयी जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। मृतक विजय तिवारी (30)पुत्र जगत नरायण निवासी चौधरी टोला अलीगंज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कोटवा सड़क निवासी स्व. हरिनारायण की 65 वर्षीय रामा देवी एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बुधवार को घायल हो गयी थी इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती करवाई गयी थी जहां पर बुधवार की रात्रि रामा देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## एनएसआई और एडवांटा सीड्स के मध्य हुआ एमओयू

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) कानपुर और एडवांटा सीड्स हैदराबाद के बीच गुरुवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। इससे भारत सरकार के एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल अभियान को गति मिल सकेगी। यह एमओयू भविष्य के लिए एक स्थायी जैव ईंधन की दिशा में विकल्प के रुप में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।एमओयू के मुताबिक राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर और एडवांटा सीड्स हैदराबाद विविध अनाजों से अल्कोहल बनाने के लिए विकल्प के रुप में स्वीट सोरगम और ग्रेन सोरगम के प्रयोग पर सहयोगात्मक अध्ययन करेंगे।इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर के फॉर्म में स्वीट सोरगम का उत्पादन करना और इसके विभिन्न भौतिक, रासायनिक मापदंडों का अध्ययन करना तथा स्वीट सोरगम और ग्रेन सोरगम के रस से जैव एथेनॉल उत्पादन की क्षमता का अध्ययन करना शामिल होगा। इस सहयोगात्मक अनुसंधान में ग्रेन सोरगम का बीयर उत्पादन की क्षमता के लिए भी अध्ययन किया जाएगा। यह एमओयू भविष्य के लिए एक स्थायी जैव ईंधन की दिशा में विकल्प के रूप में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत सरकार के एक अभियान एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के तहत देश में पेट्रोल में एथेनॉल के 20 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

## शशि सिंह बनी अटल सेना की जिलाध्यक्ष

**एजेंसी**

बाराबंकी। हैदरगढ़ तहसील अंतर्गत विकासखंड त्रिवेदीगंज के कांधीत्रिलोकपुर में शशि सिंह को अटल सेना में जिलाध्यक्ष के पद पर नवनियुक्त किया गया इनकी कार्य कुशलता को देख कर अटल सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं वंदना वराडे राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा की अनुशंसा पर अटल सेना में जिला अध्यक्ष बाराबंकी उत्तर प्रदेश के पद को सौंपा गया इस विश्वास के साथ की शशि सिंह संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सभी प्रदेश के पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाकर संगठन का विस्तार करते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहेंगी। इस कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल सेना के जीपी त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष सविता पांडेय महिला मोर्चा अटल सेना शगुन बाजपेई प्रदेश अध्यक्ष किसान



मोर्चा अटल सेना वंदना वराडे राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा संजय भंडारी राष्ट्रीय सहसंयोजक अटल सेना तथा जिलाध्यक्ष सीतापुर की वर्षा चौहान व सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। शशि सिंह ने कहा कि मैं अपने पदभार का निर्वाहन एक जिम्मेदार कार्यकर्ता के रूप में करूंगी और मैं यह दृढ़ विश्वास दिलाती हूं कि अटल सेना को एक तेज-तर्रार सशक्त संगठन के रूप में में दिखाने का काम करूंगी।

## रैपिडो आम चुनाव 2024 के दौरान उत्तर प्रदेश में मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड्स

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। भारतीय चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। अपनी इस ऐतिहासिक पहल के तहत रैपिडो उत्तर प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे गाज़ियाबाद, नोएडा, आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में मतदाताओं को मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड 'वोट नाउ ' का उपयोग कर मुफ्त राईड पा सकते हैं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।

भारतीय चुनाव आयोग के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, ''हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि गाज़ियाबाद, नोएडा, आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाएं। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारे रैपिडो कैप्टन सिर्फ ड्राइवर से अधिक हैं; वे नागरिक भागीदारी के दूत हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रणाली में में अधिक से अधिक मतदान के सक्षम बनाने में योगदान दे रहे हैं। भारतीय चुनाव आयोग के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है जो बेहतर समाज के निर्माण के लिए प्रयासरत है। इस तरह की पहलों के माध्यम से रैपिडो देश भर के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। यह पहल उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाने की रैपिडो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सरस्वती जयंती इंटर कालेज में मेधावियों का हुआ सम्मान




त्रिवेदीगंज बाराबंकी बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को सम्मानित करने हेतु कालेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे बेहतर अंक पाकर शीर्ष पर नाम दर्ज कराने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया । गौरतलब है कि अभी हाल ही में यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का रिजल्ट घोषित हुआ है जिसमे सरस्वती जयंती इंटर कालेज त्रिवेदीगंज के हाईस्कूल के छात्र शिद्धान्त गुप्ता , शीतल चौधरी , वंशिका पांडेय व इंटरमीडिएट में सानिया बानो , अंशिका सिंह , हिमांशी ने कालेज में शीर्ष स्थान प्राप्त किया जिन्हें आज कालेज में ही शिक्षकों द्वारा सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अंजनी कुमार दुबे ,वरिष्ठ शिक्षक श्री प्रभाकर गुप्ता , श्री शिव किशोर तिवारी, श्री अवधेश कुमार शुक्ला ,हरीश कुमार साहू,सुरजीत सिंह,मनोज कुमार यादव, शिक्षिका सुषमा गोपाल ,श्रीमती भावना,लिपिक विद्याधर शुक्ला , शिक्षक ऋषि त्रिवेदी,मोहम्मद फैजी,आशीष वर्मा,प्रियंका वर्मा , रमादत्त अवस्थी ,शोभित शुक्ला एव छात्रों के अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## रोटी कपड़ा मकान के सपनों को मोदी ने हकीकत में बदला: सतीश शर्मा

### कुर्सी विधानसभा में जागरूक मतदाता सम्मेलन आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के सपनों को हकीकत में बदला है।इतना ही नहीं मोदी ने अयोध्या में गंगनचुंभी भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराकर देश के स्वाभिमान की रक्षा की है।राज्य मंत्री गुरुवार को फतेहपुर में जन प्रतिनिधि एवम जागरूक मतदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले सपा,बसपा और कंग्रेस को लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी।उन्होंने मोदी सरकार की गरीब कल्याण से जुड़ी तमाम योजनाओं की चर्चा करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि विकास की रफ्तार जिले में तेज हुई है।महादेवा में 40 करोड़ से अधिक बजट से कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति देकर सीएम योगी ने जिले के लाखों श्रद्धालुओं की पुरानी मांग को पूरा किया है।कहा वैश्विक स्तर पर भारत और मजबूत हुआ है।भारत के नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रूस और यूक्रेन ने युद्ध को कुछ दिनों के लिए रोक दिया था,ये मोदी के नेतृत्व में नए एवम सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर है।विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही।राजरानी रावत ने सभी के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कहते हुए अपने लिए आशीर्वाद मांगा।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,हरगोविंद सिंह,शशांक कुसुमेश,संदीप गुप्ता,अंजू चंद्रा,विजय आनंद बाजपेई,जवाहर वर्मा,राजेश वर्मा,ओम प्रकाश वर्मा, रामकृपाल मिश्रा,अनुपम निगम,रंगनाथ त्रिपाठी,विनय मौर्य,रामचंद्र वर्मा,अनिल वर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों प्रधान,बीडीसी मौजूद रहे।

## फांसी पर झूली विवाहिता

बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सभापुर में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर गुरुवार की सुबह झूलता मिला। वहीं पिता का आरोप है उसकी बेटी से आखरी बार फोन पर बात हुई तो उसने कहा कि मुझे आकर ले जाओ। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के भगवान दास की पुत्री रूबी का विवाह पांच साल पहले थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सभापुर में जगमोहन के साथ हुई थी। रूबी के कोई संतान नहीं था।



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No. | 02-CATERING-24 |
| Description of Work | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| Catalogue Published on | 23.04.2024 |
| Auction Start (All Lots) | 09.05.2024 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 09.05.2024 at 14:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी सूची संख्या-02-CATERING-24 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित केटरिंग स्टाल का विवरणः–

| Sn. | Station | Lot No | Stall ID No | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJGAIN | Catg-LKO-AJ-GMU-15-24-2 | AJ/PF-1/66/ADDL/ | 09.05.24 12:30:00 | GMU | Nil |
| 2 | MUSAFIRKHANA | Catg-LKO-MFKA-GMU-14-24-2 | MFKA/PF-1/37/ADDL/ | 09.05.24 12:40:00 | GMU | Nil |
| 3 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-GMU-23-24-1 | HRN/PF-1/82/West End of PF | 09.05.24 12:50:00 | GMU | Women |
| 4 | MALIPUR | Catg-LKO-MLPR-GMU-8-24-2 | MLPR/PF-1/43/ADDL | 09.05.24 13:00:00 | GMU | Women |
| 5 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-GMU-17-24-1 | GRMR/PF-1/20/ADDL/West End of PF 1 | 09.05.24 13:10:00 | GMU | Nil |
| 6 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-SMU-24-24-1 | HRN/PF-1/81/East End of PF | 09.05.24 13:20:00 | SMU | Minority |
| 7 | AKBAR GANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-25-24-1 | AKJ/PF-1/68/ADDL/East End of PF | 09.05.24 13:30:00 | SMU | OBC |
| 8 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-12-24-2 | SAW/PF-1/52/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:40:00 | SMU | SC |
| 9 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-21-24-1 | AMS/PF-1/74/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:50:00 | SMU | Minority-Women |
| 10 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-SMU-48-24-1 | GRMR/PF-1/19/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:00:00 | SMU | SC-Women |
| 11 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-13-24-2 | SAW/PF-1/50/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:10:00 | SMU | ST |
| 12 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-22-24-1 | AMS/PF-1/73/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:20:00 | SMU | OBC-FF/WW/WRE |
| 13 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-4-24-2 | DYD/PF-1/14/West end of PF | 09.05.24 14:30:00 | SMU | OBC-Women |
| 14 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13/East end of PF | 09.05.24 14:40:00 | SMU | ST |
| 15 | AKBARGANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-26-24-1 | AKJ/PF-1/69/ADDL/West End of PF | 09.05.24 14:50:00 | SMU | OBC-Women |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1242/24


## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरी,दो की दर्दनाक मौत,दो घायल

### विवाह समारोह के लिए टेंट का सामान ले जाते समय हुआ हादसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद/लखनऊ। विवाह समारोह के लिए ट्राली पर टेंट का सामना लादकर ले जा रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दो मजदूर घायल हो गये। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजने के साथ घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। बृहस्पतिवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवईकला के मजरा महबूब खेड़ा निवासी रामनाथ यादव की पुत्री का विवाह था। जिसमें मवईकला निवासी रूपनारायण उर्फ लक्कड की मौर्य लाईट टेन्ट हाउस बुक थी। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे टेन्ट का सामान लादकर मवईकला निवासी राजेश उर्फ पतारी





(37),शरीफ (35) विशाल (23) व आशीष (19) लगाने महबूबखेड़ा जा रहे थे।रास्ते में ग्राम महबूबखेड़ा के निकट अचानक ट्रैक्टर का धुरा टूट गया। जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में पलट गयी। जिससे ट्रैक्टर चला रहे चालक शरीफ व राजेश की मौके पर ही मौत हो गयी। साथ ही ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो अन्य मजदूर विशाल व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने मृतकों शरीफ व राजेश के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। जबकि घायलों को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।जहां से विशाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दें दी गई।जबकि गंभीर घायल आशीष का इलाज रहीमाबाद स्थित कुंदन हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक शरीफ की पत्नी 8 माह की गर्भवती है। इसके परिवार में उसकी दो पुत्रियां सिमरन (10) व शमरीन (3) है।साथ ही मृतक राजेश के परिवार में उसके परिवारी जन है।जबकि इसकी पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर अपने मायके बिहार प्रदेश करीब 12 वर्ष पूर्व चली गयी थी। तबसे वह वहीं रहती है। राजेश से उसका कोई मतलब नहीं है। क्यूंकि राजेश ने बिहार से लाकर ही उससे शादी की थी।

## वाराणसी से दिल्ली के लिए 27 अप्रैल को चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को वाराणसी से दिल्ली के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04221 वाराणसी दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को वाराणसी जंक्शन से शाम 7 बजकर 20 मिनट पर चलेगी, जो भदोही मां बेहला देवी प्रतापगढ़ जंक्शन, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली होते हुए अगले दिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर मुरादाबाद पहुंचेगी और 10 मिनट रुकने के बाद सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर मुरादाबाद से चल देगी। इसके बाद यह ट्रेन हापुड़, गाजियाबाद होते हुए सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी।

# पंजाब किंग्स के सामने केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

कोलकाता। खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिये शीर्षक्रम पर सुनील नारायण ( 176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन ) और फिल साल्ट ( 169 . 38 की औसत से 249 रन ) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल ( 184 . 52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन ) और कप्तान श्रेयस अय्यर ( 126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन ) ने भी रन बनाये हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिये हैं। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिसकी वजह से शाहरूख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है। गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो 'इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम' के इस दौर में काफी प्रभावी है। वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं।रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाये और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं। दूसरी ओर स्टार्क 11 . 48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क की तुलना में हर्षित राणा ( 9 . 25 की इकॉनॉमी से नौ विकेट ) और वैभव अरोड़ा ( 9 . 57 की इकॉनॉमी से सात विकेट ) जैसे घरेलू गेंदबाज बेहतर साबित हुए हैं। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं। केकेआर के लिये स्टार्क का फॉर्म में लौटना बहुत जरूरी है।




# आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए तेज गेंदबाज रसिख सलाम को लगाई गई फटकार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम डार को बुधवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 मैच में गुजरात टाइटंस पर अपनी टीम की रोमांचक जीत के दौरान आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। रसिख ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में 44 रन देकर तीन विकेट लिये, जिसमें बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान और आर साई किशोर के विकेट शामिल थे। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, डार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुसार, अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली और उसके आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित कोई भी भाषा, क्रिया या इशारा शामिल है, जिसमें आउट होने वाले बल्लेबाज की ओर से आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने की क्षमता होती है। दरअसल गुजरात की पारी के 19वें ओवर में पंत ने रसिख को गेंद फेंकी, जब मेहमान टीम को जीत के लिए 37 रनों की जरूरत थी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 18 रन दिए, लेकिन ओवर की अंतिम गेंद पर साई किशोर का महत्वपूर्ण विकेट ले लिया, रसिख ने किशोर को आउट करने के बाद आक्रामक तरीके से जश्न मनाया, जिसके बाद उन्हें फटकार लगाई गई। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद विस्फोटक पारी (43 गेंद नाबाद 88 रन, 5 चौका, 8 छक्का) और अक्षर पटेल (43 गेंद, 66 रन 5 चौका, 4 छक्का) की आकर्षक पारी के बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी और 4 रन से मैच हार गई।




गुजरात के लिए साई सुदर्शन (65) और डेविड मिलर (55) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा ऋद्धिमान साहा ने 39 और राशिद खान ने नाबाद 21 रन बनाए। यह दिल्ली की अब तक की चौथी जीत थी। इसके साथ, उन्होंने खुद को आईपीएल अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया है। वहीं गुजरात की आईपीएल 2024 में यह पांचवीं हार थी और वे अब सातवें स्थान पर खिसक गए हैं।

# मैड्रिड ओपन: राफ़ेल नडाल पूरी तरह से फिट नहीं, टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित

एजेंसी

मैड्रिड। राफ़ेल नडाल ने बुधवार को स्वीकार किया है कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं। नडाल ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, ''इस सप्ताह संवेदनाएं सही नहीं रहीं। अगर यह मैड्रिड नहीं होता तो शायद मैं नहीं खेलता। लेकिन इसमें बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। मुझे नहीं पता कि अगले तीन हफ्तों में क्या होने वाला है। मैं लड़ना जारी रखूंगा और वो चीजें करता रहूंगा जो मुझे लगता है कि पेरिस में खेलने के लिए मुझे करने की जरूरत है। और यदि यह संभव है, तो यह संभव है। यदि नहीं, तो नहीं। मैं पेरिस में उस तरह से खेलने नहीं जा रहा हूं जैसा मैं आज महसूस कर रहा हूं। नडाल ने कहा है कि यह संभवतः दौरे पर उनका विदाई वर्ष है और वह आखिरी बार रोलांड गैरोस में प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद कर रहे हैं, जहां वह 14 बार के चैंपियन हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने मैड्रिड में रिकॉर्ड पांच बार खिताब जीता है, स्पेनिश राजधानी में उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था। वह गुरुवार को 16 वर्षीय अमेरिकी डार्विन ब्लैंच के खिलाफ पदार्पण करने वाले हैं। नडाल ने कहा, ''उम्मीद है कि मैं कई सीमाओं के बिना खेल सकता हूं। फिर हम देखेंगे कि क्या होता है। अगर मैं सीमाओं के बिना खेलता हूं, भले ही मैं हार जाता हूं, तो यह सकारात्मक होगा।''




# दिल्ली के सहायक कोच आमरे ने की पंत की तारीफ, कहा–उनकी मेहनत रंग ला रही है

एजेंसी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में कप्तान ऋषभ पंत के सनसनीखेज प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस पर चार रन से रोमांचक जीत दर्ज की। पंत की 43 गेंदों में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल की 43 गेंदों में 66 रनों की पारी के साथ-साथ ट्रिस्टन स्टब्स की 7 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 224 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद घरेलू टीम ने गुजरात टाइटन्स को 220/8 पर रोक दिया। जीत पर दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''प्रशंसकों के लिए जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। वे सभी हर खेल में हमारा समर्थन करने के लिए यहां आते हैं। यह प्रशंसकों के लिए क्रिकेट का एक अच्छा खेल था। हां, गुजरात जीत के करीब आ गया था, लेकिन इस प्रारूप में एक रन की जीत भी हमारे लिए जीत है। जब आमरे से अक्षर पटेल को नंबर 3 पर प्रमोट करने के फैसले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया, ''विचार उन्हें कुछ मौका देने का था। इसलिए, योजना यह थी कि उन्हें पावरप्ले में साई किशोर से मुकाबला करने दिया जाए,लेकिन ऋषभ के साथ हुई साझेदारी के कारण वह 19वें ओवर में आये। अक्षर ने बल्लेबाजी में परिपक्वता दिखाई। मुझे लगता है कि यही कारण है कि हमने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन बनाये। उन्होंने आगे कहा, ''हमारे लिए सभी छह बल्लेबाजों का स्कोर करना महत्वपूर्ण है और अक्षर बड़ी पारी नहीं खेल पा रहा था। हमें विश्वास था कि पोरेल ऊपर और नीचे दोनों पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, इसलिए हम उन्हें आज स्टब्स के साथ फिनिशर की भूमिका देना चाहते थे। पंत की मैच जिताऊ पारी को लेकर आमरे ने कहा, ''मुझे उनका पहला दिन याद है जब वह विजाग कैंप में आए थे, वह हवाई अड्डे से सीधे मैदान में गए थे। वह भूखे थे, उन्होंने सुनिश्चित किया कि वह हर दिन का उपयोग करेंगे। और आप देख सकते हैं कि उसकी सारी मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने कहा, ''कुछ अच्छी पारियों ने उन्हें आत्मविश्वास दिया, और बुधवार का दिन विशेष था। उन्होंने 20वें ओवर में मोहित शर्मा जैसे अनुभवी गेंदबाज के खिलाफ अकेले ही 31 रन बनाए और यह वास्तव में दिखाता है कि वह अच्छी फॉर्म में हैं। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में शनिवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।




## प्राइम टेबल टेनिस लीग का दूसरा सीजन 27-28 अप्रैल को

मुंबई। पहले सीज़न की सफलता के बाद प्राइम टेबल टेनिस का दूसरा संस्करण 27-28 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। पहला सीज़न जहां, ठाणे जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों पर केंद्रित था, वहीं दूसरे सीज़न में महाराष्ट्र के शीर्ष खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार को आयोजकों द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दूसरा सीज़न पलावा शहर के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। लीग ने पहले ही महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जो खेल को लोकप्रिय बनाने, इसे और अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीज़न 2 में आठ टीमें होंगी, जिसमें कुल 56 शीर्ष स्तरीय एथलीट होंगे और प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों का चयन 5 नवंबर को आयोजित खिलाड़ी नीलामी के माध्यम से किया गया था।

# आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर बने उसेन बोल्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ओलंपिक दिग्गज उसेन बोल्ट को आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है, जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। बोल्ट ने रियो ओलंपिक खेल 2016 में इतिहास रचा जब उन्होंने लगातार तीन तीन स्वर्ण पदक हासिल किया। दुनिया भर में स्टारडम की उनकी यात्रा 2008 में बीजिंग में ओलंपिक खेलों में शुरू हुई, जहां उन्होंने 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर, सभी विश्व रिकॉर्ड समय में जीते। बोल्ट के पास वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। उनका पहला विश्व रिकॉर्ड 2008 में 100 मीटर में था जब उन्होंने न्यूयॉर्क में 9.72 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने बीजिंग में 2008 ओलंपिक खेलों में इसे घटाकर 9.69 सेकेंड और फिर बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में इसे घटाकर 9.58 सेकेंड कर दिया। एक एंबेसडर के रूप में, बोल्ट इस आयोजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह प्रतिष्ठित कलाकारों सीन पॉल और केस के साथ कार्यक्रम के आधिकारिक संगीत वीडियो के रिलीज में एक कैमियो उपस्थिति के साथ होगी। आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप मैचों में भी भाग लेंगे और संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर खेल को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। बोल्ट ने अपनी नई भूमिका के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए आईसीसी के हवाले से कहा, ''मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का एंबेसडर बनकर रोमांचित हूं। मैं कैरेबियन से आता हूं जहां क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल ने हमेशा एक विशेष स्थान रखा है। मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और विश्व स्तर पर क्रिकेट के विकास में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।



# कच्चा तेल 89 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 89 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी उछल कर 82.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# जर्मन कंपनी ऑडी जून से वाहनों की कीमतों में दो फीसदी का करेगी इजाफा



एजेंसी

नई दिल्ली। जर्मन वाहन निर्माता कंपनी ऑडी ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करेगी। कंपनी के इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने जारी बयान में कहा कि एक जून से कीमतों में बढ़ोतरी का उद्देश्य ऑटोमेकर और उसके डीलरों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के साथ ही ग्राहकों पर प्रभाव को कम करना है।

कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार 33 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही थी।

# 'भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर'

नई दिल्लीः सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लागू किया था। अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं।'' अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही। दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जों और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। यह भारतीय उद्यमों के लिए यूएई के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने के लिए नए मार्ग तथा अवसर तलाशने के एक मंच के रूप में काम करता है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है। 2023 में द्विपक्षीय व्यापार कुल मिलाकर 85 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और भारत में यूएई का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अलजनेबी ने कहा कि यूआईसीसी का काम यह सुनिश्चित करना है कि यूएई और भारतीय व्यवसायों (चाहे उनका आकार या क्षेत्रीय केंद्र कुछ भी हो) के पास सीईपीए से लाभ उठाने के लिए समावेशी तथा खुले मार्ग हों। उन्होंने कहा कि राजस्थान की अत्यधिक विविध अर्थव्यवस्था और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों के विकास के लिए



# संक्षिप्त समाचार

## वेस्टइंडीज सीरीज में मिली हार के बाद पीसीबी ने महिला चयन समिति का किया पुनर्गठन

**लाहौर।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में पाकिस्तानी टीम को मिली 3-0 की शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय महिला चयन समिति का पुनर्गठन किया है और इसे सात सदस्यों तक बढ़ा दिया है। नई चयन समिति में पिछले पैनल के बरकरार सदस्य अस्माविया इकबाल और मरीना इकबाल शामिल हैं। अब्दुल रज्जाक और असद शफीक (दोनों पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य) और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, बतूल फातिमा भी समिति में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कोच और कप्तान राष्ट्रीय महिला चयन समिति में भी काम करेंगे। पीसीबी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, ल्पिछले पैनल के बरकरार रखे गए सदस्यों में अस्माविया इकबाल और मरीना इकबाल शामिल हैं। उनके साथ अब्दुल रज्जाक और असद शफीक (दोनों पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य) और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, बतूल फातिमा भी शामिल हैं। पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के अनुरूप, कोच और कप्तान भी राष्ट्रीय महिला चयन समिति का हिस्सा होंगे। बयान में आगे कहा गया, ल्नई चयन समिति का तत्काल कार्य इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए पाकिस्तान महिला टीम का चयन करना होगा, जहां उन्हें 11 से 29 मई तक तीन टी20ई और तीन आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 मैच खेलने हैं। वेस्टइंडीज से 0-3 की मिली हार के बावजूद, पाकिस्तान वर्तमान में 10-टीम आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 में पांचवें स्थान पर है। मेजबान भारत के साथ इस चैंपियनशिप की शीर्ष पांच टीमें सीधे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। शेष टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में भाग लेंगी। ग्रुप चरण के दौरान कुल 20 मैच खेले जाएंगे जिसके बाद प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों फाइनलिस्ट मुख्य कार्यक्रम के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। फाइनल 7 मई को अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## एनडीआर वेयरहाउसिंग ने पुणे में 95 करोड़ रुपये की सुविधा का किया उद्घाटन

**मुंबई।** एनडीआर वेयरहाउसिंग ने बृहस्पतिवार को पुणे में 95 करोड़ रुपये के निवेश से एक सुविधा का उद्घाटन किया। एनडीआर वेयरहाउसिंग ने एक बयान में कहा कि यह सुविधा एक भारतीय बहुराष्ट्रीय टायर विनिर्माता को पट्टे पर दी जा रही है। चार लाख वर्ग फुट में फैली नई वेयरहाउसिंग सुविधा कंपनी की विस्तार योजना का हिस्सा है। एनडीआर वेयरहाउसिंग के क्षेत्रीय प्रमुख (पश्चिम) रामचंद्रन राजाराम ने कहा, '' इस सुविधा के उद्घाटन से क्षेत्र में हमारी उपस्थिति काफी मजबूत हो गई है। यह सुविधा पुणे में वेयरहाउसिंग (भंडारण) समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करती है। एनडीआर के पास 170 लाख वर्ग फुट से अधिक भंडारण स्थान का स्वामित्व है और इसका संचालन करता है। अतिरिक्त 40 लाख वर्ग फुट निर्माणाधीन है।

## नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 934 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

## बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स में 45% तक बढ़ोत्तरी का रखा प्रस्ताव, 1922 के बाद से सबसे अधिक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शताब्दी के सबसे अधिक कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इसके अनुसार बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स लगभग 44.6% तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जो 1922 के बाद से सबसे अधिक है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, आय संतुलन बनाने के लिए पूंजीगत लाभ कर वाले इस प्रस्ताव को 2025 वित्तीय वर्ष के लिए बाइडेन के बजट प्रस्ताव में जोड़ा गया है। प्रशासन के वित्तीय वर्ष 2025 के राजस्व प्रस्तावों के फुटनोट में इसे खास तौर पर इंगित किया गया है। बाइडेन के इस फैसले को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जैसे नेताओं द्वारा टैक्स में बढ़ोतरी की वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा का माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य बढ़ते राष्ट्रीय कर्ज से निपटना है।

# कलवरी क्लास की 3 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत, फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल

एजेंसी

नई दिल्ली। फ्रांस की यात्रा पर गए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया। शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस ने अपनी इस यात्रा के दौरान कलवरी क्लास की 3 और पनडुब्बियां लेने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया है। फिलहाल प्रोजेक्ट-75 की पांच पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सेवा में हैं और छठी जल्दी ही कमीशन में आ जाएगी। तीन और पनडुब्बियों का सौदा 3-3.5 अरब डॉलर के बीच होने की उम्मीद है। जनरल अनिल चौहान फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर 21 अप्रैल को



रवाना हुए थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सशक्त रक्षा संबंधों को और भी सुदृढ़ करना है, जिनमें पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण रूप से काफी तेजी आई है। यात्रा के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सफ्रान समूह मुख्यालय, डसॉल्ट एविएशन और नौसेना समूह मुख्यालय सहित कुछ अन्य प्रतिष्ठित रक्षा उद्योग इकाइयों का दौरा किया। सीडीएस जनरल चौहान ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ट के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, आपसी सुरक्षा चिंताओं और दोनों देशों के बीच सैन्य आदान-प्रदान बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सीडीएस को फ्रेंच रिपब्लिकन गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। जनरल चौहान ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हायर डिफेंस स्टडीज के निदेशक और आयुध महानिदेशक से मुलाक़ात की। उन्होंने फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य एवं नागरिक नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श किया। सीडीएस की यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को और गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी आई है। जनरल चौहान ने फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान तथा लैंड फोर्सज कमांड का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने इकोल मिलिटेयर (मिलिट्री स्कूल) में सेना और संयुक्त स्टाफ कोर्स के सैन्य छात्र अधिकारियों को संबोधित किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने प्रथम विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए न्यू वे-चैपल मेमोरियल और विलर्स-गुइसेलेन में भारतीय स्मारक का दौरा किया। उनकी यह यात्रा इस साल की शुरुआत में जनवरी में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की भारत की हाई-प्रोफाइल राजकीय यात्रा के बाद अहम मानी जा रही है।

# कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं : जयराम रमेश

नई दिल्ली । कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। आज पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकारवार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ि दर पीढ़ि संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने ऐसे मुद्दे उठाए जो कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि 'विरासत कर' कांग्रेस का एजेंडा नहीं है। असल में 1985 में राजीव गांधी की सरकार ने ने विरासत कर को हटाया था । वहीं भाजपा नेताओं जैसे की अरुण जेटली ने साल 2014-19 के बीच में इसकी वकालत की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वे बतायें कि कांग्रेस के न्याय पत्र में संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही गई है।

एक अन्य विषय पर जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री का बचाव कर रहा है। प्रधानमंत्री की भाषा पर उनके खिलाफ शिकायत किया जाना स्वाभाविक था। लेकिन आयोग ने इस बार भी प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत पर उनके बजाय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस भेजा। इससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग उनका बचाव कर रही है।

जयराम रमेश ने कहा कि संवैधानिक आरक्षण में मनमाने ढंग से संशोधन नहीं किया जा सकता। आरक्षण में संशोधन केवल सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षणों की रिपोर्ट के आधार पर ही किया जा सकता है। उसी तरह से न्याय यात्रा के दौरान लोगों के राय मशविरा के बाद आम लोगों की सहमति से पांच न्याय पर आधारित घोषणा पत्र तैयार किया गया है और इसे लागू किया जाएगा।

जयराम रमेश ने कहा कि हमने 'भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान जनता की आवाज सुनकर अपना 'न्याय पत्र' तैयार किया है। हमारे 5 न्याय- युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय और 25 गारंटियां भी दीं हैं, क्योंकि हम जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री आज मंगलसूत्र की बात कर रहे हैं उन्हें यह पता नहीं है कि उनके कार्यालय में भारत की महिलाओं के सबसे ज़्यादा सोने के आभूषण बेचे और गिरवी रखे गए। उन्होंने रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़े की प्रति दिखाते हुए कहा कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। इसमें असंगठित क्षेत्रों और साहूकारों से लिया गया कर्ज शामिल नहीं है।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं: अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नई दिल्ली। चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के लोग कहते हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है तो उनके लिए बस एक ही संदेश है कि उनके ज्ञान की देश को आवश्यकता नहीं है। कश्मीर में अनुच्छेद 370, 35 (ए) लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी गलती थी जबकि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370, 35 (ए) हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पंचायत के चुनाव, डीडीसी के चुनाव हुए और अब विधानसभा चुनाव भी कराए जाएंगे।

कांग्रेस हर चुनाव के समय पर देश को गुमराह करती है। उल्लेखनीय है कि मनीष तिवारी ने आरोप लगाया था कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

## विहिप ने पंजाब में विकास प्रभाकर की हत्या मामले पर केंद्रीय गृह सचिव से की मुलाकात, एनआईए जांच की मांग

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब में परिषद के नेता विकास प्रभाकर की हत्या की जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग को लेकर गुरुवार को नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार, महासचिव बजरंग बागड़ा, संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन और पंजाब प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष हरप्रीत सिंह गिल शामिल थे। मुलाकात के बाद विहिप के संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने पत्रकारों को बताया कि पंजाब के रोपड़ जिले के नंगल गांव के विहिप के अध्यक्ष विकास प्रभाकर की 13 अप्रैल (बैसाखी) को दिनदहाड़े दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। समाज के दबाव में पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी और दोनों हत्यारे पकड़े गये लेकिन उसके बाद डीजीपी ने स्वीकार किया कि इन हत्यारों के हैंडलर विदेश में बैठे हैं।

# सलमान खान के घर पर गोलियां चलाने के दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ी

एजेंसी

मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर 40 गोलियां

**आरोपितों का खुलासा, सलमान खान के आवास पर 40 गोलियां चलाने का मिला था आदेश**

चलाने का आदेश दिया गया था। यह खुलासा आरोपितों ने पुलिस जांच के दौरान किया है। उधर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया है। सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज समाप्त हो रही थी। इसी वजह से मुंबई पुलिस की टीम ने दोनों आरोपितों को मजिस्ट्रेट



कोर्ट में पेश किया। पुलिस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपितों ने जांच के दौरान बताया है कि हमें सलमान खान के घर के बाहर 40 गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था लेकिन हमने सिर्फ पांच गोलियां चलाईं। इस मामले में अब तक 17 राउंड गोलियां जब्त की गई हैं।

अब तक की जांच में पता चला है कि सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के बाद आरोपितों ने पुलिस से बचने के लिए कई बार अपने कपड़े भी बदले थे। साथ ही ये दोनों आरोपित इंटरनेट के जरिए तीसरे व्यक्ति के संपर्क में थे। इसके लिए एक आरोपित का फोन वाई-फाई के जरिए कनेक्ट किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले आरोपितों को राजस्थान, बिहार और हरियाणा से मदद पहुंचाई गई। मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया है कि इस मामले में आरोपितों की मदद करने वालों की भी तलाश की जा रही है। इसलिए मामले की और जांच के लिए दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी जरूरी है।

इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया।

# थपेज एक का शेष

## चंबल ...

सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के वो लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का काला दौर देखा है। 4 जून के बाद हमारे तेज तर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विकास और स्पीड पकड़ने जा रहा है। मोदी ने कहा कि काली सिंध, पार्वती और चंबल लिंक परियोजना से सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक के लिए 2500 करोड़ रुपये मंजूर किए है। इससे अंचल की तस्वीर बदलेगी। जय सियाराम के घोष से भाषणों की शुरुआत

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत सियाराम के जयघोष से की। उन्होंने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। मुरैना ने मन बना लिया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

एक गोली आती है तो 10 गोली चलती हैं

मोदी ने कहा कि हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की है। कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमनें उन्हें भी खुली छूट दे दी। अगर एक गोली आती है, तो जबाव 10 गोली से होता है। अगर उधर से एक गोला आता है तो इधर से 10 तोपें चलती हैं।

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी इनके सामने दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि, मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे, यह मोदी की गारंटी है।

तब राजीव गांधी ने कानून बदल दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में आई तो देश में इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज देश के सामने पहली बार में एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। देश की प्रधानमंत्री बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी उनकी संतानों को मिलनी थी लेकिन पहले देश में कानून था कि बच्चों को प्रॉपर्टी मिलने से पहले सरकार उसमें से एक हिस्सा ले लेती थी। तब प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इनहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून और ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं।

## पटना ...

अग्निकांड में जलकर मौत हो चुकी है जबकि आग में झुलसे 20 लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 12 लोगों को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनमें से तीन की हालत काफी नाजुक है।

अग्निशमन विभाग की डीजी शोभा अहोतकर भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है और फिलहाल बिल्डिंग और उसके आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पटना पुलिस की टीम और संबंधित अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

## हार...

की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और 400 पार और मोदी की गारंटी का नारा लगाना भी बंद हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा अपनी पांच न्याय 25 गारंटी के साथ हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी के लिए न्याय आर्थिक और सामाजिक समानता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी।

भारतीय ....

आईएचआरसी ऐतिहासिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों, ऐतिहासिक जानकारी के अन्य स्रोतों की पहचान करने, एकत्र करने, सूचीबद्ध करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसा करके आयोग यह सुनिश्चित करता है कि मूल्यवान ऐतिहासिक ज्ञान भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहे। इसलिए, आदर्श वाक्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन्हें सुलभ बनाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि आईएचआरसी की विशिष्ट पहचान और इसके द्वारा प्रस्तुत लोकाचार को स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने के लिए, लोगो और आदर्श वाक्य के लिए डिज़ाइन आमंत्रित करने के लिए 2023 में माईगव पोर्टल पर एक ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू की गई थी, और प्रतिक्रिया में कुल 436 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। शौर्य प्रताप सिंह (दिल्ली) द्वारा प्रस्तुत लोगो और आदर्श वाक्य को चयनित किया गया । इसके साथ मंत्रालय ने लोगो और आदर्श वाक्य के लिए चार-चार को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जिसमें क्रमशः मनस्वी चंदवास्कर (इंदौर), दीपिका मंडल (बेंगलुरु), नोनंदा वर्मा (जोधपुर), शिवांशी चौहान (उत्तराखंड) और मोटो के लिए जसनीत कौर ( पंजाब), नरेश अग्रवाल ( मध्य प्रदेश), राजू चटर्जी ( पश्चिम बंगाल), रिंकल (भरूच, गुजरात) से शामिल हैं।

विजेता को 50,000 रुपये का पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा जबकि सभी सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को पांच-पांच हजार रुपये दिए जाएंगे।

## व्हाट्सएप ...

होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी।

मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहाए ष्यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉण डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।

## महाराष्ट्र ...

वीवीपैट उपलब्ध हैं। दूसरे चरण में कुल 204 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सीआरपीएफ की टुकड़ियां तैनात की गई हैं। दूसरे चरण में सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सामान्य मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को उनकी इच्छानुसार घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इस मतदान प्रक्रिया के लिए निर्वाचन क्षेत्रवार 8 महानिरीक्षक, 5 पुलिस निरीक्षक और 11 व्यय निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। अमरावती लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौरभ कटियार का कहना है कि अमरावती जिले में मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां आज ही रवाना की जा रही हैं। यहां सुविधाएं उचित और अच्छी हैं, यह नवनिर्मित है भवन में छह हॉल हैं। प्रत्येक मतदान टीम के साथ उनकी सुरक्षा के लिए एक पुलिस कांस्टेबल और होम गार्ड की व्यवस्था की गई है। जो कर्मचारी कल ड्यूटी पर रहेंगे, उनके लिए पोस्टल बैलेट और ईडीसी सुविधा स्थापित की गई है, ताकि वे भी अपना वोट डाल सकें।

## अब...

अध्यक्ष अजय मिश्र टेनी, विधायक लोकेन्द्र सिंह, एमएलसी अविनाश सिंह पटेल और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे।

## लोक...

की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डाए केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गेए वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ए प्रियंका गांधी ए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैयाए उप.मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर.शोर से चुनाव प्रचार किया।

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगीए वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल सेक्युलर का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

भाजपा के युवा सांसद तेजस्वी सूर्या की साख बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर दांव पर लगी है। तेजस्वी ने पिछला चुनाव इसी सीट से जीता था। कांग्रेस ने यहां सौम्या रेड्डी को टिकट दिया है। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट शुरुआत से ही चर्चा में रही है। राष्ट्रीय जनता दल राजद ने यहां बीमा भारती को उतारा है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव इस सीट पर कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन गठबंधन सहयोगी राजद ने कांग्रेस को यह सीट नहीं दी। अब पप्पू यादव इसी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

गौरतलब है कि लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाताओं ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी किरेन रिजिजू अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1605 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का फैसला तय किया था। पहले चरण में 102 सीटों पर औसतन 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

दूसरे चरण के लिये इन सीटों पर मतदान कराया जायेगा। असम की सिलचर मंगलदोई नवगोंग और कलियाबोर बिहार की किशनगंज कटिहार पूर्णिया भागलपुर और बांका छत्तीसगढ़ की राजनंदगांव महासमुंद और कांकेर जम्मू और कश्मीर की जम्मू और कर्नाटक की उडुपि चिकमंगलूर हासन दक्षिण कन्नड़ चित्रदुर्ग तुमकुर मंड्या मैसूर चामराजनगर बेंगलुरु ग्रामीण बेंगलुरु उत्तर एबेंगलुरु सेंट्रल एबेंगलुरु दक्षिण चिकबल्लापुर और कोलार केरल की कासरगोड कन्नूर वाटकरा वायनाड कोझिकोड मलप्पुरम पोन्नानी पलक्कड़ अलाथुर एत्रिशूर चलाकुडी एर्नाकुलम इडुक्की कोट्टायम मावेलिककारा अलाप्पुझा एपथानामथिट्टा एकोल्लम एअट्टिंगल और तिरुवनंतपुरम मध्य प्रदेश की दमोह खजुराहो सतना रीवा बैतुल और होशंगाबाद महाराष्ट्र की बुलढाना अकोला अमरावती वर्धा यवतमाल-वाशिम नांदेड़ परभनी और हिंगोली ए मणिपुर की बाहरी मणिपुर और राजस्थान की टोंक-सवाई माधोपुर अजमेर पाली जोधपुर बाड़मेर जालौर उदयपुर बांसवाड़ा चित्तौड़गढ़ कोटा झालावाड़.बारां राजसमंद और भीलवाड़ा त्रिपुरा की त्रिपुरा पूर्व और उत्तर प्रदेश की अमरोहा मेरठ बागपत गाज़ियाबाद गौतमबुद्धनगर अलीगढ़ मथुरा बुलन्दशहर पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग रायगंज और बेलूरघाट। सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनावों की मतगणना चार जून को करायी जायेगी।

## मोदी...

स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया हैए लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किये गये मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियोंए खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये। आयोग ने नोटिसों में यह भी कहा है कि ऊँचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा होता है।

## कई...

की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट हैं। मणिपुर में भी दूसरे चरण का मतदान होगा। आईएमडी के मुताबिक 27-29 अप्रैल के दौरान ओडिशा में रातें गर्म होंगी। मौसम विभाग के मुताबिक रात का उच्च तापमान अधिक खतरनाक माना जाता है, क्योंकि ऐसे हालात में शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक शहरों में रात के समय गर्मी बढ़ना अधिक आम है। ऐसे हालात में मेट्रो क्षेत्र अपने आसपास के इलाकों की तुलना में काफी गर्म होते हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक उच्च आर्द्रता के कारण त्रिपुरा, केरल, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, असम, मेघालय और गोवा के लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। घर से बाहर निकलने पर लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। आईएमडी के मुताबिक शुक्रवार को महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं, हल्की बारिश और तूफान के आसार हैं। इन राज्यों में लोगों को गर्म मौसम से अस्थायी राहत मिल सकती है। विभाग के मुताबिक लू का यह दूसरा दौर है। ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से ही हीटवेव की स्थिति बनी हुई है।

# बहुगुणा ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया : सूर्यकांत धस्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री मंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की 105वीं जयंती गुरुवार को राजधानी देहरादून में धूमधाम से मनाई गई। घंटाघर स्थित बहुगुणा शॉपिंग कांप्लेक्स में स्वर्गीय बहुगुणा के अनुयायी रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने साथियों के साथ पहुंच कर बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने लोगों से कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा का व्यक्तित्व महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्वों का मिश्रण था। गांधी की तरह जहां सर्व धर्म समभाव, अनेकता में एकता के सिद्धांत के बहुगुणा जी प्रबल समर्थक थे तो वहीं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तरह दृढ़ निश्चय व हमेशा नई चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता बहुगुणा में थीं। धस्माना ने कहा कि इस देश की आज़ादी के बाद संसदीय इतिहास में अनेक नेताओं ने समय समय पर दल बदल किया। कोई सिद्धांतों के आधार पर एक पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में शामिल हुआ तो कोई व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए और आजकल तो नेता कपड़ों की तरह दल बदल लेते हैं। 1980 से पहले किसी भी सांसद ने दल बदलने के साथ सांसदी से इस्तीफा नहीं दिया। ऐसा करने वाले देश के पहले नेता थे हेमवती नंदन बहुगुणा जो 1980 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष थे और कांग्रेस के टिकट पर गढ़वाल संसदीय सीट से सांसद चुने गए थे। धस्माना ने कहा कि चुनाव के तुरंत बाद मंत्रिमंडल गठन को लेकर बहुगुणा के इंदिरा गांधी के साथ मतभेद हुए और कुछ महीनों के बाद ही उन्होंने यह कहते हुए कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया कि जिस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर वे चुनाव जीते हैं, वे नैतिकता के आधार पर सांसदी से भी त्यापत्र दे रहे हैं। उन्होंने सांसदी से त्यागपत्र दे दिया।

## विधायक उमेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर की पुलिस की शिकायत

हरिद्वार। खानपुर विधायक और हरिद्वार सीट से लोकसभा उम्मीदवार उमेश कुमार ने अपने ऊपर दर्ज मुकदमे को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल को खुली चेतावनी दे डाली। उन्होंने इसके माध्यम से प्रदेश के डीजीपी अभिनव कुमार से एसएसपी की शिकायत करते हुए कहा कि आपकी पुलिस आपके नियंत्रण से बाहर है। उमेश कुमार ने गुरुवार की सुबह डीजीपी और एसएसपी हरिद्वार के नाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि किस तरह पूरे चुनाव में आपकी पुलिस मेरे हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में मेरे पीछे लगी रही। सरकार के इशारे पर सारी एलआईयू, इंटेलिजेंस मेरे पीछे लगा दी, जैसे कि मैं अकेला चुनाव लड़ रहा हूं। ये अच्छी पुलिसिंग की पहचान नहीं है और ना ही ये पुलिस के काम करने का तरीका है। अपने संदेश में उन्होंने प्रदेश डीजीपी अभिनव कुमार से कहा कि लगता है कि हरिद्वार में आपकी पुलिस आपके नियंत्रण से बाहर हो चुकी है।

## राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट को सभापति ने दिलाई शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यसभा सदस्य के लिए निर्विरोध निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने गुरुवार को नई दिल्ली में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने उन्हें सदस्यता दिलाई। विधानसभा से राज्यसभा तक का सफर- शपथ ग्रहण के बाद राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा में काम करने का मौका दिया है। राज्यसभा सदस्य के रूप में वे उत्तराखंड के विकास के लिए काम करते रहेंगे। भट्ट उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली के निवासी हैं। वह बद्रीनाथ विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बद्रीनाथ विधानसभा से हार का सामना करना पड़ा था। वह वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

## तेलंगाना पहुंचे भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री धामी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को तेलंगाना पहुंचे, जहां वे भाजपा के लक्ष्य 400 पार को धार देने के साथ कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। मुख्यमंत्री मतदाताओं को साधने के साथ विपक्ष पर हमला करेंगे। मुख्यमंत्री धामी के निजामाबाद (तेलंगाना) पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके लिए मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। अब दूसरे चरण का मतदान होना है। ऐसे में ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक धुआंधार प्रचार में जुटे हैं।

# 'आप' ने मेट्रो स्टेशनों पर पैम्फलेट बांट दिल्लीवालों से की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मेट्रो स्टेशनों पर पैम्फलेट का वितरण कर दिल्ली की जनता से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की। इस दौरान नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशनों पर आने-जाने वाले लोगों में पैम्फलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से मौजूदा केंद्र सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है। लोगों ने तय किया है कि वो अपनी वोट की ताकत से भाजपा को इसका जवाब देंगे। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज हम लोग नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के साथ मेट्रो स्टेशनों पर खड़े होकर पैम्फलेट बांट रहे हैं और लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील कर रहे हैं। इसके साथ ही आज आम आदमी पार्टी का कैंपेन सोंग लॉन्च होने जा रहा है, जो इस लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का कैंपेन सॉन्ग होगा।

## निरीक्षण और मतगणना की तैयारियों की समीक्षा करने हरिद्वार पहुंचे संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी

हरिद्वार। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अपर सचिव प्रताप सिंह शाह ने जनपद हरिद्वार का औचक दौरा कर लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए बीएचईएल स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी को स्ट्रांग रूम की मजबूत थ्री लेयर प्रोटेक्शन, निगरानी के लिए लगाये गए सीसीटीवी कैमरों, वॉच टावर एवं सुरक्षा गार्द की विस्तृत जानकारी देते हुए मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। भौतिक रूप से निरीक्षण करते हुए संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अपर सचिव प्रताप सिंह शाह द्वारा जनपद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विश्व मलेरिया दिवस पर हुई गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय देहरादून में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित मलेरिया दिवस के लिए इस वर्ष की थीम 'अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेज़ी लाना' निर्धारित किया गया। गोष्ठी में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीएस रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश चौहान ने गोष्ठी में डेंगू मलेरिया से बचाव पर विचार रखे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके त्यागी ने मलेरिया की पृष्ठभूमि और मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के विभिन्न घटकों पर विचार रखे। जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष ने घर के आसपास मच्छरों के लार्वा उन्मूलन और मच्छरों से स्वयं के बचाव के तरीके बताए। जिला मलेरिया अधिकारी सुभाष जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन जोशी, सिटी अर्बन हेल्थ ऑफिसर राकेश बिष्ट, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी यज्ञ देव थपलियाल, आईईसी समन्वयक पूजन नेगी नेगी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी कांति शर्मा, फार्मेसी अधिकारी उत्तम सिंह बिष्ट और सुधा कुकरेती, जिला लेखा प्रबंधक विवेक गुसाईं आदि, सहित कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन डीएमओ सुभाष जोशी ने किया।

## हिम पुत्र बहुगुणा ने पहाड़ की पगडंडियों से राष्ट्रीय राजनीति में बनाई अपनी पहचान बनाई : मंत्री जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्व.बहुगुणा को भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि हिम पुत्र ने पहाड़ की पगडंडियों से उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राज्य और राष्ट्र हित में संकल्पित होकर विकास कार्य को किया,जिसे हमेशा याद किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हिमालय पुत्र स्व.हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयंती पर मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को घंटाघर स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वह ओजस्वी वक्ता और प्रखर राजनेता थे। वे उत्तरप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार में मंत्री रहे। उन्होंने कहा स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा ने राज्य हित के लिए कई कदम उठाये। पर्वतीय राज्यों के विकास के लिये सदैव तत्पर रहते थे। राजनीतिक क्षेत्र में उन्होंने जिस प्रकार से काम किया वह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत,ज्योति कोटिया,महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा,संजय नौटियाल, भावना चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पंजाब में बड़ा हादसा, धमाके से दहला पूरा शहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पठानकोट। पंजाब में आज एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां पठानकोट शहर में बड़ा धमाका हुआ है। यह धमाका इतना जोरदार था कि पठानकोट शहर हिल गया और पुलिस की बड़ी टीमें तैनात की गईं। इस बीच लोगों में दहशत का माहौल है और हर तरफ सनसनी फैली हुई है। इस दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि आवाज पूरे शहर में गूंज गई और आग का गुब्बार उड़ता नजर आया। इस धमाके की आवाज 2 किलोमीटर तक सुनाई दी, जिससे लोगों में दहश का माहौल बन गया। धमाके वाले जगह के पास रेहड़ी चालक रेहड़ियां लगाकर खड़े रहते जोकि मौके पर भागते हुए नजर आए। सूचना मिलते ही डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस को मौके पर किसी चीज के टुकड़े भी मिले हैं। धमाका किस कारण हुआ इस बारे कोई जानकारी नहीं, गनीमत रही इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर धमाका हुआ वह आर्मी स्टेशन से करीब 30 मीटर की दूरी पर है। यह धमाका नहर के किनारे हुआ है, जो पंजाब में किसी घटना को अंजाम दिया गया है। जिस जगह पर धमाका हुआ है वहां पुलिस की बड़ी टीमें तैनात की गई हैं और हर पहलू की जांच की जा रही है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

## टूर आपरेटरों ने की चारधाम में यात्रियों की निर्धारित संख्या को हटाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन उत्तराखंड और पर्यटन से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं ने सामूहिक रूप से विरोध जताते हुए चारधाम यात्रा में यात्रियों की निर्धारित संख्या को हटाने की मांग की है।उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुरेश यादव के माध्यम से उत्तराखण्ड पर्यटन मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर यह मांग किया। संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदेश में आने वाले यात्रियों की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन में कहा कि सभी धामों में सभी को रजिस्ट्रेशन मिले ताकि उनकी देवभूमि के प्रति सभी की आस्था बनी रहे। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक अहलूवालिया ने कहा कि हम किसी भी धाम में यात्रियों की सीमित संख्या का विरोध करते हैं। इससे पूरे उत्तराखंड की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बिगड़ सकती है। टैक्सी, मैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश भाटिया ने कहा कि सीमित संख्या तुरंत प्रभाव से हटाई जाए, जिससे चार धाम यात्रा सुचारु रूप से चल सके। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सरकार ने किसी भी स्टेक होल्डर को बिना विश्वास में लिये यह निर्णय लिया है। जो कतई मानने योग्य नहीं है। इस विषय पर सबने एक मत से कहा कि अगर जल्दी इस पर सही निर्णय नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अंजीत कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रवेश द्वार और मंदिरों पर भी ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में राज आनंद, संदेश कुमार, हरीश भाटिया, विकास कुमार और हेमा भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी बागीश्वरानंद महाराज थे संत समाज का गौरव : रविन्द्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमंहत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि संतों का जीवन परमार्थ को समर्पित होता है। ब्रह्मलीन स्वामी बागीश्वरानंद महाराज संत समाज का गौरव थे। जिन्होंने हरिद्वार से विश्वभर में धर्म और संस्कृति की पताका को फहराने का कार्य किया। राष्ट्र निर्माण में उनका अतुल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे भूपतवाला स्थित श्री चेतन ज्योति आश्रम में गुरुजन स्मृति श्रद्धांजलि समारोह में बोल रहे थे। यह समारोह चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज के तत्वावधान और बाबा हठयोगी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश और महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। ब्रह्मलीन बागीश्वरानंद महाराज त्याग और तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। उनके किए गए सेवा प्रकल्पों में बढ़ोतरी करते हुए स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज और उनके शिष्य महंत शिवम महाराज राष्ट्र की उन्नति और धर्म के उत्थान में अपना अतुल्य सहयोग प्रदान कर रहे है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबा हठयोगी महाराज ने कहा कि राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में संतों ने अग्रणी भूमिका निभाकर सदैव समाज को समरसता का संदेश दिया है। श्री चेतन ज्योति आश्रम और चेतन ज्योति संस्कृत महाविद्यालय द्वारा स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर देश हित और सनातन धर्म के उत्थान के लिए समर्पित कर रहे हैं। समस्त समाज के लिए यह गौरव का विषय है। श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद और महंत शिवम महाराज ने कहा कि संतों की सेवा करते हुए भारतीय संस्कृति और धर्म के उत्थान में सहयोग करना और गौ, गंगा संरक्षण के लिए युवा संतों को प्रेरित करना ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063